



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 97 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 07 जनवरी 2025 डाक 08 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया...



**देश-विदेश**

हमले से पहले दो बार न्यू आरलियंस गया था शमसुद्दीन 2 महीने पहले ही कर लिया था ट्रक का इंतजाम



**फीचर**

सुपरफूड से कम नहीं काली गाजर,सर्दियों में खाने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे




# तिब्बत में 7.1 तीव्रता के भूकंप से मची भारी तबाही, 53 लोगों की मौत



**तिब्बत, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

नेपाल की सीमा से सटे तिब्बत के पहाड़ी क्षेत्र शिजांग में मंगलवार को भूकंप ने तबाही मचा दी। 7.1 तीव्रता वाले भूकंप से भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। अब तक 53 लोगों के मरने और 38 लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है। न्यूज एजेंसी के अनुसार भूकंप का असर तिब्बत के शिगात्से शहर पर सबसे ज्यादा हुआ है। यहां बड़ी-बड़ी इमारतें भूकंप के कारण गिर गई हैं, जिससे काफी जानमाल का नुकसान हुआ है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी कि शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर भारत, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के कई इलाकों में देखने को मिला। यहां भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत में बिहार, पश्चिम बंगाल व उत्तर भारत के कई हिस्सों और सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में मंगलवार की सुबह भूकंप के झटकों लोग सहम गए।नेपाल की राजधानी में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके लगे, तो लोग घरों से बाहर जान बचाने के लिए भागे। वह सड़कों व खुले स्थानों पर जाकर खड़े हो गए।

काठमांडू की रहने वाली मीरा अधिकारी ने एएनआई को बताया कि मैं उस समय सो रही थी (जब भूकंप आया)। बिस्तर हिल रहा था और मुझे लगा कि मेरा बच्चा बिस्तर हिला रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने उतना ध्यान नहीं दिया, लेकिन खिड़की हिल रही थी। मुझे एहसास हुआ कि यह भूकंप है। मैंने फिर जल्दी से अपने बच्चे को बुलाया और घर खाली कर दिया। हम भागकर खुले मैदान में आ गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप का केंद्र तिब्बत का शिजांग शहर था, इसलिए वहां इतनी तबाही मची। इसका असर नेपाल और भारत के बिहार, असम व सिक्किम में भी देखने को मिला। बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में धरती हिलने से लोग सहमे दिखाई दिए। भूकंप पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेट्स के आपस में टकराने, खिसकने या रगड़ने से आता है। ये प्लेट्स एक-दूसरे से दूर या करीब जाती हैं, तब धरती के अंदर भारी दबाव बन जाता है। यह दबाव अचानक रिलीज होता है, तो ऊर्जा की तरंगें पृथ्वी की सतह पर फैलती हैं। इसे हम भूकंप के झटके के रूप में महसूस करते हैं।

## भारत में भी दिखा असर......

भूकंप का असर भारत में भी देखा गया। बिहार, असम, बंगाल और सिक्किम में भी धरती डोली। बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, मुंगेर, शिवहर और सारण में भूकंप के झटके महसूस किए गए। बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में भी झटके महसूस किए गए। तिब्बत में रुक-रुककर भूकंप के झटके आ रहे हैं। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए एक व्यक्ति ने कहा कि मैं शौचालय में था, मैंने देखा कि दरवाजा हिल रहा था। भूकंप महसूस होते ही मैं जल्दी से नीचे खुली जगह पर आ गया। मेरी मां भी डर गई थी।

## खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के पिता को पुलिस ने किया नजरबंद भारी फोर्स ने पूरे गांव को घेरा

**अमृतसर।** वारिस पंजाब दे के मुखी व खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह को उनके आवास पर मंगलवार की सुबह नजरबंद कर दिया गया। देखते ही देखते भारी पुलिस फोर्स उनके गांव जल्लूपुर खेड़ा में पहुंच गई और उनके आवास को चारों तरफ से घेर लिया गया। तरसेम सिंह ने कुछ दिन पहले आवाज बुलंद की थी कि वह नई पार्टी बनाएंगे। अमृतपाल सिंह के साथ विचार विमर्श करने के बाद तरसेम सिंह को माघी मेले के दौरान नई पार्टी बनाकर उसके पदाधिकारियों की घोषणा करनी थी। कौमी इंसाफ मोर्चा में तरसेम सिंह ने अपने समर्थकों के साथ मेले में पहुंचना था। गांव को चारों तरफ से पुलिस ने घेर रखा था। खासकर अमृतपाल सिंह के घर के बाहर सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस पर खुल कर नहीं बोल रहे।

## प्रशांत किशोर की बिगड़ी तबीयत अस्पताल में हुए भर्ती, इलाज में जुटे डॉक्टर

**पटना।** बापीएससी परीक्षार्थियों के समर्थन में अनशन पर उतरे प्रशांति किशोर की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। बताया जा रहा है कि जेल से छूटने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उसी के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रशांत किशोर केवल पानी पीकर अनशन में लगे थे। उनके आवास पर मेदांता अस्पताल का एंबुलेंस पहुंचा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टर की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## 100 एनएसजी कमांडो ने संभाली महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था



**महाकुंभनगर, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

महाकुंभ मेले में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ (अनुमानित संख्या) श्रद्धालु, पर्यटक, स्नानार्थी, कल्पवासी तथा वीआइपी आने हैं। इनकी सुरक्षा को लेकर कई स्तर पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। महाकुंभ की सुरक्षा में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के 100 कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया है। एनएसजी की दो टीमें और आनी हैं। अत्याधुनिक हथियारों व संसाधनों से लैस एनएसजी के जवान महाकुंभ की सुरक्षा मजबूत करेंगे। इनके पास हेलीकॉप्टर भी है, जिससे किसी आपात स्थिति में तुरंत मदद को पहुंच सकेंगे। महाकुंभ में आतंकी गतिविधियों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आतंकियों से निपटने में दक्ष एनएसजी की टीम को भी मेला क्षेत्र में लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि एनएसजी की दो टीमें आ गई हैं। दोनों टीमों में 50-50 कमांडो हैं। शेष दो टीमें भी जल्दी आ जाएंगी। एनएसजी के कमांडो ने संगम क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, अरैल, अखाड़ा, कल्पवासी और दूसरे प्रमुख स्थलों की निगरानी तेज कर दी है। महाकुंभ में एनएसजी की दो टीमें हेलीकॉप्टर के साथ आ गई हैं। इससे मेला क्षेत्र का सुरक्षा घेरा और मजबूत हुआ है। महाकुंभ मेला क्षेत्र की सुरक्षा में स्पाटर्स (खोजी या गुप्तचर) भी लगाए जा रहे हैं, जो संदिग्ध आतंकी को देखते ही उसे दबोच लेंगे। पूरे मेला क्षेत्र में स्पाटर्स की 30 टीमें तैनात की जा रही हैं। करीब 18 टीमें सक्रिय हो चुकी हैं। अभी तक जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से स्पाटर्स यहां पहुंचकर आतंकियों से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों की टोह लेने लगे हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये स्पॉटर्स आतंकियों को जानने-पहचानने में माहिर होते हैं। उनके पास आतंकियों और उनके संगठनों से जुड़े लोगों को पूरा ब्यौरा भी इनके पास होता है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात कर दी गई है। 15 हजार सिविल पुलिस के जवान महाकुंभ नगर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 400 महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात की गई हैं।मेला के लिए विभिन्न जिलों से आए सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष इंतजाम किया गया है।

## छटपटाता रहा पाकिस्तान, लेकिन इस मुस्लिम देश को मिल गई ब्रिक्स में एंट्री, चीन का प्लान भी फेल



**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

2009 में शुरू हुए ब्रिक्स का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। अब इसमें दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया का एंट्री मिल गई है। सोमवार को ब्राजील ने इसका एलान किया। लेकिन इंडोनिशया की एंट्री से अब पाकिस्तानी की बेचैनी बढ़ गई है। पाकिस्तान खुद लंबे समय से ब्रिक्स में शामिल होने के लिए छटपटा रहा है। इसके लिए वह कई बार चीन के दरवाजे पर कटोरा लेकर खड़ा भी हो चुका है। ब्रिक्स में हिस्सा लेने वाला ब्राजीव 11वां देश बन गया है। इसके पहले ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बनाया गया था। इंडोनेशिया के ब्रिक्स में शामिल होने के प्रस्ताव को 2023 में जोहान्सबर्ग में हुए सम्मेलन के दौरान मंजूरी दी गई थी।

ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ब्राजील सरकार ब्रिक्स में इंडोनेशिया की एंट्री का स्वागत करती है। दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आबादी वाले देश के रूप में इंडोनेशिया अन्य ब्रिक्स सदस्यों के साथ वैश्विक संस्थानों में सुधार का समर्थन करता है।

## पूर्व विधायक पवन पांडेय को सात साल की सजा, जानलेवा हमले के मामले में 34 वर्ष बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला




**अंबेडकरनगर, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

पूर्व विधायक पवन पांडेय को जानलेवा हमले के मामले में दोषी पाए जाने पर 34 साल बाद सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। सोमवार को विशेष न्यायालय (एमपी/एमएलए संबंधी आपराधिक प्रकरण) एवं अपर सत्र न्यायाधीश परविंद कुमार ने सजा के साथ ही उन पर 32 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अरविंद कुमार सिंह 26 जून 1990 को अपनी कार से साथी अनिल सिंह के साथ अयोध्या जा रहे थे। रास्ते में ओवरटेक कर कार सवार पांच लोगों ने अधाधुंध उनकी कार पर गोलियां चलाई।

दोनों के शरीर में कई जगह छर्रे लगे। दोनों मे भागकर किसी तरह जान बचाई। अरविंद ने पूर्व विधायक पवन पांडेय व जगदम्बा सिंह के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए बसखारी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया। सत्र परीक्षण के दौरान जगदंबा सिंह की मौत हो गई।

## हंसिता अभिलाषा, अनिल मोहंती से जुड़े कई ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापे मारे



**ओडिसा, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

आयकर विभाग ने आज ओडिशा में एक हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी मामले की चल रही जांच के तहत हंसिता अभिलिप्सा और अनिल मोहंती से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रिपोर्ट के अनुसार, हंसिता के आवास और कार्यालय परिसर में छापेमारी की गई। अधिकारी कथित तौर पर वित्तीय रिकॉर्ड और खाता लेनदेन की जांच कर रहे थे। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि हंसिता द्वारा हाल ही में बिना ऋण के लक्जरी वाहनों की खरीद ने उसे बेहिसाब संपत्ति के संदेह में आयकर विभाग की जांच के दायरे में ला दिया है। ट्विन सिटी कमिश्नरेट पुलिस ने हंसिता और अनिल को कथित तौर पर एक धोखाधड़ी योजना को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसमें भुवनेश्वर में प्रमुख बिल्डरों, खनन संचालकों, बहुराष्ट्रीय निगम मालिकों और व्यापारियों को निशाना बनाया गया था। हंसिता ने कथित तौर पर खुद को ओडिशा के शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों की सहयोगी बताकर पीड़ितों को धोखा दिया। हंसिता और अनिल इन्फोसिटी-नंदनकानन रोड पर एक कार्यालय चला रहे थे। यह दावा करते हुए कि उसके ओडिशा में उच्च पदस्थ अधिकारियों से संबंध हैं, उसने पीड़ितों के लिए निविदाएं सुरक्षित करने का वादा किया। पूरा मामला तब सामने आया जब एक खदान मालिक ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद हंसिता और अनिल को गिरफ्तार किया गया। हंसिता ने कथित तौर पर प्रभावशाली हस्तियों के साथ दिखने के लिए तस्वीरों में हेराफेरी की। इन तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसने खास तौर पर खनन और निर्माण क्षेत्र के धनी व्यापारियों को अपने जाल में फंसाया।

## नॉनवेज के इस फेमस रेस्टोरेंट पर पड़ा छापा, दो करोड़ की बिक्री पर पकड़ी गई टैक्स चोरी, मचा हड़कंप

**मेरठ।** हापुड़ रोड स्थित दिल्ली दरबार रेस्टोरेंट में राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा ने छापा मारकर दो करोड़ की बिक्री पर टैक्स चोरी पकड़ी है। टीम ने मौके पर जांच कर अभिलेख जब्त कर लिए हैं और टैक्स का आकलन किया जा रहा है। दिल्ली दरबार रेस्टोरेंट नॉनवेज व्यंजनों के लिए जाना जाता है। गत वित्तीय वर्ष में रेस्टोरेंट द्वारा 16 लाख और इस वर्ष अब तक मात्र नौ लाख रुपये टैक्स के रूप में जमा किए गए हैं। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड टू आरपी मल्ल ने बताया कि टीम द्वारा पिछले कई माह से निगरानी की जा रही थी। साक्ष्य एकत्र करने के लिए रेस्टोरेंट में कई बार खाना भी खाया। जितना टर्नओवर दिखाया, जीएसटी पोर्टल पर दिखाया जा रहा था वास्तविकता उससे कहीं अधिक थी। खानपान सेवाओं में पांच प्रतिशत टैक्स देय होता है। संयुक्त आयुक्त अमित पाठक ने बताया कि जो साक्ष्य मिले हैं उससे प्रथम दृष्टया कम से कम दो करोड़ रुपये की बिक्री पर टैक्स चोरी सामने आ रही है। रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा ऑनलाइन बिक्री का भी कोई ब्यौरा नहीं दिया जा रहा था, जबकि प्रतिदिन अच्छी खासी बिक्री ऑनलाइन प्लेटफार्म द्वारा की जा रही थी।

## आप का बड़ा दावाः सीएम आतिशी समेत कई नेताओं की गिरफ्तारी की साजिश, सिसोदिया के यहां सीबीआई की छापेमारी की तैयारी

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 नजदीक आते ही सियासी पारा चढ़ने लगा है। एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा है। आप ने दावा किया है कि सीएम आतिशी समेत कई अन्य नेताओं की गिरफ्तारी की साजिश रची जा रही है। और आने वाले दिनो में मनीष सिसोदिया के ठिकानों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी होने वाली है। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने



कहा, हम बहुत ईमानदार पार्टी हैं...वे (भाजपा) हमेशा चुनाव से पहले हमारे नेताओं को गिरफ्तार करते हैं और हमें जानकारी है कि वे दिल्ली की सीएम आतिशी को भी गिरफ्तार करने जा रहे हैं। मनीष सिसोदिया के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी होने वाली है और अन्य आप नेताओं को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। भाजपा घबरा गई है और उन्हें अपनी हार दिखाई दे रही है।

इससे पहले सोमवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जल्द ही आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के आवास पर छापा मारेगी।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायेंः- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का आज होगा ऐलान



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव 2025 की तारीख का ऐलान आज (7 जनवरी) को दोपहर में हो जाएगा। चुनाव आयोग आज दोपहर में दो बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीख का ऐलान करेगा। इसी के साथ दिल्ली में आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। फरवरी में विधानसभा का कार्यकाल खत्म होगा। वहीं, सभी पार्टियों ने चुनाव की तैयारियां और तेज कर दी हैं। आम आदमी पार्टी (आप) अपने सभी सभी उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है, जबकि कांग्रेस ने भी अपनी तीन लिस्ट जारी कर दी है। अभी कांग्रेस के 22 प्रत्याशी बचे हैं। कांग्रेस जल्द ही आपनी चौथी लिस्ट भी जारी कर सकती है। उधर, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी अपनी पहली लिस्ट जारी की है। बीजेपी ने अपने 29 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। भाजपा के बाकी उम्मीदवारों की लिस्ट भी जल्द जारी हो सकती है। अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके खिलाफ संदीप दीक्षित मैदान में हैं। वहीं, भाजपा ने पूर्व सांसद और दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। अब इस सीट का मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपने शिकायतों के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में भूमि सीमांकन के आवेदनों को गम्भीरता से लेते हुए सभी तहसीलदारों को सीमांकन के सभी आवेदनों को अभियान चलाकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।जनदर्शन में आज कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत प्राकृतिक आपदा के तहत हुए जनहानि में राहत राशि दिलाने, मुआवजा भुगतान, क्षतिपूर्ति, अतिक्रमण हटवाने, अनियमितता की जांच, पुलिस सहायता दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति, आर्थिक सहायता मजदूरी भुगतान, मछली पालन के लिए सहायता, बिजली बिल में छूट सहित अन्य आवेदन शामिल है। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, शिक्षा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश और देश के विकास में योगदान दें युवा : श्याम बिहारी

कोरबा। कोरबा के सीएसपीजीसीएल सीनियर क्लब में प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौजिया) कलार समाज के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में आज छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। मंत्री द्वय ने समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलार समाज के गौरवशाली व यशपूर्ण इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज समाज के युवक युवती आईएएस, आईपीएस, राजनीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी सभी क्षेत्रों में ऊंचे पदों में प्रतिष्ठित होकर समाज का नाम गौरवान्वित कर रहे है।

उन्होंने समाज के नवयुवाओं कोदेश प्रदेश के विकास में आगे बढ़कर योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि समाज के पदाधिकारियों के नेतृत्व में हमारे समाज ने अच्छा कार्य किया है। उन्होंने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों से समाज के संगठन एवं उत्तरोत्तर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कलार समाज का समृद्धशाली इतिहास रहा है।




### शुरुआत से ही देश के विकास में

समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की अगुवाई में कलार समाज और संगठित व मजबूत बनेगी। साथ ही विकास के नए राह पर आगे बढ़ेगी।

इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, समाज प्रमुख एवं कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# अंडरपास निर्माण :सेतु निगम ने आधिपत्य भूमि पर लगाया बोर्ड



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा शहर के मुख्य मार्ग सुनालिया नहर रेल्वे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण हेतु प्रभावितों को मुआवजा वितरित कर कब्जा हटवाया गया है। साथ ही निर्माण स्थल की भूमि का आधिपत्य लोक निर्माण विभाग सेतु को सौंपा गया है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा आधिपत्य भूमि में रेल्वे अंडर ब्रिज निर्माण हेतु विभागीय बोर्ड प्रदर्शित कर भूमि आरक्षित की कार्यवाही की गई है।

## पूर्व मंत्री जयसिंह ने गोपाल सोनी की हत्या को लेकर सरकार पर साधा निशाना, कहा कोरबा सहित प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेकाबू



कोरबा। शहर के टीपी नगर स्थित लालू राम कालोनी में व्यवसायी की जघन्य हत्या पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शहर के सबसे व्यस्त इलाके में दो हमलावर घर में घुस कर सराफा व्यापारी गोपाल राय सोनी की धारदार हथियार से जघन्य हत्या कर उनकी कार लेकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि कोरबा समेत प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। फ्लोरा मैक्स जैसी ठग कंपनी ने लगभग 38 हजार महिलाओं से 100 करोड रुपए से भी अधिक की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार जरूर किया, लेकिन महिलाएं कर्जदार बन अभी भी भटक रही हैं। पुलिस के नाक के नीचे यह सब होता रहा। पुलिस तब जागी जब महिलाएं खुद सामने आईं। कर्जदार हो गई महिलाएं अब दर-दर भटक रहे उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा। डीजल चोरी जैसे संगठित अपराध में भी पुलिस की संलिप्तता उजागर हुई है। हाल ही में कुसमुंडा, गेवरा क्षेत्र से डीलर चोर गिरोह को पकड़ा गया। डीजल चोर गिरोह से की गई पूछताछ के बाद यह बात सामने आई कि लगभग आधा दर्जन पुलिस वाले डीजल चोरी के इस कारोबार में सम्मिलित थे। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने खुद पुलिस वालों को सस्पेंड किया। जिससे यह बात प्रमाणित होती है कि संगठित अपराध भी पुलिस के संरक्षण में पोषित हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले और राज्य में पुलिसिंग की हालत क्या है। टीपी नगर में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद शहर के व्यवसायियों में डर का माहौल है। जिस तरह से घर में घुसकर व्यवसाई गोपाल राय सोनी की हत्या कर दी गई है। उससे कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा उठ गया है. दिखावे की कार्रवाई करने के स्थान पर कातिलों को जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क से लेकर घर के भीतर तक कहीं भी लोगों की जान सुरक्षित नहीं है। जिले में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रहीं हैं। लोग असमय मौत के मुंह में समा रहे हैं। तो दूसरी तरफ घर के भीतर भी आम आदमी की जान सुरक्षित नहीं है।

### धूमधाम से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

**शबद कीर्तन गूंजा, लंगर में लोगों ने लिया प्रसाद**

कोरबा। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव को कुसमुंडा में धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया। सुबह से ही सिख समाज के लोग गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। इस विशेष अवसर पर गुरुद्वारे के गुरु ग्रंथ साहब को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया । मानवता के लिए विशेष कार्य करने के अंतर्गत प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। स्वेच्छा से लोगों ने यहां पर रक्तदान करने में रुचि ली।

## 14 जनवरी मकर संक्रांति को विराट दंगल का आयोजन

कोरबा। पूर्वांचल विकास समिति कोरबा द्वारा मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी को विराट दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का निर्णय समिति की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। इस बैठक में संगठन को मजबूत कर क्षेत्र के विकास में समिति की भूमिका पर चर्चा कर उसे अमल में लाने का निर्णय लिया गया

भवानी मंदिर दर्री के समीप निर्मित पूर्वांचल भवन में पूर्वांचल विकास समिति की कार्यकारिणी की बैठक हुई। आर ए पांडे की अध्यक्षता में गठित नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक में उपस्थित पदाधिकारियो के मध्य 14 जनवरी मकर संक्रांति को समिति द्वारा विराट कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करने पर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष आर ए पांडे ने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के अनेक प्रसिद्ध पहलवान इस दंगल में शामिल होने आएंगे । इसकी स्वीकृति उनके द्वारा प्रदान कर दी गई है। यह कुश्ती प्रतियोगिता पूर्वांचल विकास समिति के रिकाडो रोड कोरबा स्थित भवन परिसर में आयोजित की जा रही है। श्री पांडे ने बताया कि दंगल की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मिट्टी डालकर मैदान के मध्य भाग को ऊंचा कर अखाड़ा तैयार किया जा रहा है, जहां पहलवान कुश्ती लड़ेंगे। उपस्थित कुश्ती प्रेमी चारों ओर बैठकर इसका आनंद उठाएंगे । पूर्वांचल विकास समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के विस्तार और समाज द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बैठक में संकल्प लिया कि वह कोरबा और छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान देने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे।

इस बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियो के अलावा जिले की सभी इकाइयों के अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।

## जिले के चारो विधानसभा के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 की स्थिति में कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर, क्रमांक- 21 कोरबा, क्रमांक- 22 कटघोरा, क्रमांक- 23 पाली तानाखार के सभी मतदान केन्द्रों, जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में तथा निर्दिष्ट स्थानों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को प्रात: 10 बजे किया गया है।

# गीतकुमारी में हाथी की मौत, विद्युत कर्मी गिरफ्तार

कोरबा। वनमंडल अतंर्गत कुदमुरा रेंज के गितक्कांरी के जंगल में करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में वन विभाग की टीम ने लापरवाह विद्युत कर्मी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है। बदहाल विद्युत व्यवस्था को सुधारने को लेकर विद्युतकर्मी ने किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिया था,जिसके कारण हाथी की मौत हुई थी। वन विभाग कोरबा की टीम ने उस विद्युत कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है,जिसकी लापरवाही से करंट लगने के दौरान जंगल में एक हाथी की मौत हो गई थी। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज स्थित गितक्कांरी के जंगल में पानी में तैरते हुए हाथी का शव पाया गया था। जांच के दौरान पता चला,कि करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हुई है। इस मामले में सीएसईबी कर्मी ग्रेड 2 गौतम आमटे की लापरवाही सामने आई,जिसके बाद उसे आरोपी बनाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है,कि क्षेत्र में पिछले लंबे समय से विद्युत व्यवस्था खराब थे,जिसे सुधारे जाने को लेकर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया। शिकायत करने के बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया,जिसके कारण एक हाथी की जान चली गई। फिलहाल वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।

### निगम की देखरेख में आज से चारपारा रेत खदान होगी शुरू

कोरबा। शहर में रेत की किल्लत के बीच राताखार के पास चारपारा (गेरवाघाट-2) स्वीकृत रेत खदान मंगलवार से शुरू होगी। इसके लिए खनिज विभाग ने रॉयल्टी पर्ची जारी कर दी है। नगर निगम उक्त रेत खदान का संचालन करेगी। नियम से रॉयल्टी वसूल कर रेत लदान व परिवहन होगा। इससे अब तक अधिक कीमत में रेत खरीद रहे आमजन को राहत पहुंचेगी, क्योंकि उन्हें अनावश्यक अतिरिक्त रकम नहीं देना होगा। दरअसल, गेरवाघाट व मोतीसागर पारा रेत खदान बंद होने के बाद से शहर में रेत की सप्लाई दूर-दराज के स्वीकृत खदानों या अवैध घाटों से किया जा रहा था।

### जनदर्शन में मांग व समस्या से संबंधी 83 आवेदन मिले

कोरबा। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत को लोगों ने मांग व समस्या संबंधी आवेदन दिए। कुल 83 आवेदन जनदर्शन में मिले।

## कोरवाओं को कंबल, स्वेटर व कपड़े बांटे गए



कोरबा। संवेदना संस्था ने ग्राम पंचायत लेमरू के जामभाठा में पहाड़ी कोरवा परिवारों के साथ नव वर्ष मनाया। केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कंबल, स्वेटर, साड़ी व कपड़े का वितरण किया। महिलाओं और युवतियों को श्रृंगार सामग्री भी बांटकर बच्चों में मिठाइयां बांटी। संवेदना के संस्थापक अध्यक्ष श्रीजीत नायर ने बताया कि 2 साल पहले भी जामभांठा पहुंचे थे। उस समय पहुंच मार्ग नहीं था। बारिश के समय यहां नाला के बहाव को पार करना पड़ता था। अभी यहां कच्ची सड़क का निर्माण हुआ है। आंगनबाड़ी और स्कूल में सफाई भी हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना का भी ग्रामीण लाभ उठा रहे हैं। कोरवा परिवारों को सामग्री उपलब्ध कराने में अखिलेश्वर उपाध्याय, भोला यादव, राज तिवारी, गौतम सोनी, चट्टान सिंह, सुशील साहू, शोभा ने भी सहयोग किया। भोला यादव ने जैकेट की व्यवस्था की थी। लोग गर्म कपड़े पाकर खुश नजर आए। इसके साथ ही सुनील वर्मा, रवि देव बंजारे, बसंत साहू, बंटी श्रीवास, नीलम, विनीशा और कृतिका नायर ने भी सहयोग प्रदान किया है।

## चन्द्रा समाज के वार्षिक सम्मेलन में की सांस्कृतिक प्रस्तुति

गेवरा-दीपका। चंद्रा समाज का वार्षिक सम्मेलन वर्कर्स क्लब गेवरा में धूमधाम से मनाया। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महिलाओं ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज प्रमुख रामकुमार चंद्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन से की। समाज के वरिष्ठ सदस्य गंगाधर चंद्रा, कमल दास, नर्मदा चंद्रा और गोवर्धन चंद्रा का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कुसी दौड़ स्पर्धा में समाज के लोगों ने भाग लिया। इस स्पर्धा में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रतियोगिता को सफल बनाया। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने समाज को एकजुट रहने और विकास के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि चंद्रा समाज ने अपने परिश्रम और एकता से हमेशा एक मिसाल कायम की है। समाज को शिक्षा, स्वरोजगार और सांस्कृतिक प्रगति के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रा समाज के अध्यक्ष रामकुमार चंद्रा, सचिव गिरधारी लाल चंद्रा, कोषाध्यक्ष कुमार चंद्रा, लक्ष्मण चंद्रा, बनवारी चंद्रा, अमृतलाल चंद्रा व जीवराखन चंद्रा समेत अन्य का योगदान रहा। मंच का संचालन शिक्षक रवि चंद्रा और शिक्षिका निधि चंद्रा ने की।




### नपं पाली और छुरी कला में प्रशासकों ने संभाला कार्य

कोरबा। नगर पंचायत पाली और छुरी कला के पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सोमवार को नगर पंचायत पाली में तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर ने प्रशासक का कामकाज संभाल लिया है। यहां सीएमओ पुणेन्द्र तिवारी हैं। नगर पंचायत छुरी कला में भी कटघोरा तहसीलदार को प्रशासक बनाया है।

## अपनी फसल केंद्र में बेचने के बाद ग्रामीण फिर से करने लगे पलायन



कोरबा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से धान की फसल समेटने के बाद पलायन करने लगे हैं। यही नहीं, एजेंट तो गांव-गांव वाहन भी भेज रहे हैं। सबसे अधिक लोग ईंट बनाने उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर जाते हैं। इसके अलावा बोरवेल्स में काम करने वनांचल क्षेत्र के युवा पलायन करते हैं।शासन ने पलायन करने वालों की जानकारी लेने पंचायत में ही पलायन पंजी रखती है। इसके लिए दूसरे जिलों से एजेंट मजदूरों को एडवांस रकम देते हैं। इसके साथ ही आने-जाने का खर्च भी उपलब्ध कराते हैं। ये सभी ग्रामीण प्रवासी मजदूर माने जाते हैं। करतला ब्लॉक के नवापारा के निरंजन प्रसाद का कहना है कि वह हर साल उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जाता है। वहां पर ईंट बनाने का काम होता है। मजदूरी भी 200 से 300 रुपए तक अधिक मिलती है। इसके अलावा रिश्तेदारी के कारण समय गंवाना नहीं पड़ता। गांव में भी काम मिलती है, लेकिन मजदूरी कम है। सुरेंद्र कुमार का कहना है कि हर साल फसल काटने के बाद काम पर निकल जाते हैं। बारिश के समय जून में वापसी होती है। करतला ब्लॉक के अमलडीहा, नवापारा, सुखरीकला के साथ ही आसपास गांव के लोग भी काम करने जाते हैं। कई बार ग्रामीण ठगी का शिकार भी हो जाते हैं। पाली ब्लॉक के वनांचल क्षेत्रों से भी बोरवेल में काम करने महाराष्ट्र और कर्नाटक जाते हैं। गन्ना कटाई के लिए मजदूरों की मांग महाराष्ट्र में अधिक है।बाहर जाने वाले लोग ग्राम पंचायत में सूचना नहीं देते काम करने बाहर जाने वाले अधिकांश ग्रामीण ग्राम पंचायतों को भी सूचना नहीं देते। इसके कारण ही आगे कोई समस्या होने पर उन्हें ही परेशानी होती है। कई एजेंट ऐसे हैं, जो बिना लाइसेंस के ही श्रमिकों को भेजते हैं।पांच से अधिक मजदूर जाने पर अधिनियम लागू किसी भी गांव से 5 या 5 से अधिक श्रमिक अगर बाहर जाते हैं तो उन्हें अंतर राज्य कर्मकार प्रवासी अधिनियम का लाभ मिलता है। इसके तहत मजदूरों को गवर्नमेंट रेट पर मजदूरी देने का प्रावधान है। अगर काम बंद है तो भी पूरा मजदूरी दी जाती है। इसके अलावा जो भी एडवांस है, उसे नहीं काट सकते। आने-जाने के लिए टिकट भी देना होता है।

ट्टश्रम आयुक्त राजेश आदिले ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की जानकारी पंचायत रखती है। इसके लिए पलायन पंजी होता है। बिना लाइसेंस के मजदूरों को बाहर नहीं भेजा जा सकता। शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हैं।

# मरीजों को ज्यादा सहूलियत देने के लिए जिला अस्पताल की क्षमता बढ़ेगी

कोरबा। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अच्छी खबर है कि इस साल 400 बिस्तर से 600 बिस्तर की ओर अग्रसर हो रहे मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल (जिला अस्पताल) के लिए राज्य शासन से 200 बिस्तर का नया भवन बनाने स्वीकृति मिल गई है।

इसके लिए 43.70 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है, जिससे अस्पताल के उन्नयन के कार्य होंगे। ऊर्जानगरी के नाम से पहचाने जाने वाले कोरबा में स्वास्थ्य व्यवस्था लचर थी। 100 बिस्तर वाले जिला अस्पताल में भी सुविधाओं का अभाव था, लेकिन करीब 3 साल पहले कोरबा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने के बाद जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल के रूप में संचालित किया जाने लगा। इसके बाद लगातार सुविधाओं में इजाफा हो रहा है। राज्य शासन व जिला प्रशासन के साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से अस्पताल में चिकित्सा सुविधा को सुधारने प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अब वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री (शहर विधायक) लखन लाल देवांगन के प्रयास से अस्पताल परिसर में अब 200 बिस्तर क्षमता का नया भवन बनाने समेत अस्पताल के उन्नयन के लिए 43.70 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। हाल में ही अस्पताल में मरीजों के लिए सुविधा व बिस्तर बढ़ाने जहां कैजुअल्टी के सामने 50 बिस्तर के क्रिटिकल केयर ब्लॉक और कैजुअल्टी के ऊपर 3.5 करोड़ में 100 बिस्तर का नया भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है। वहीं जल्द ही खुलने वाले आर्थो हब के लिए 50 बिस्तर क्षमता का वार्ड विकसित किया जा रहा है।सुविधायुक्त सभी डिपार्टमेंट होंगे- उद्योग मंत्री देवांगन ट्टउद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुताबिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हर डिपार्टमेंट को सर्व सुविधायुक्त करने की दिशा में कार्य होरहे हैं। बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से जिलेवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# 14 घंटे तक बिजली व्यवस्था छिन्नभिन्न, बढ़ी परेशानी

**जांजगीर।** बिजली विभाग द्वारा साल में मानसून, गर्मी व त्योहार में 6-6 घंटे तक बिजली गुल कर मेंटेनेंस करने का दावा किया जाता है। इस दावे की पोल खुल गई। गर्मी व बारिश न होने के बावजूद रात 10 बजे के बाद मुलमुला सब स्टेशन ऐसा फाल्ट आया कि ग्रामीण क्षेत्र में करीब 14 घंटे तक बिजली गुल रही। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को बिजली विभाग की टीम फाल्ट ढूंढने में लगी रही और दोपहर 1 बजे के आसपास बिजली व्यवस्था बहाल हुई। इस दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण लोगों को दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल नरियरा सब स्टेशन में आने वाले मुलमुला उपकेन्द्र में पिछले माह से लगातार परेशानी आ रही है। कई बार क्षेत्र में लगाए गए अलग-अलग उपकरण कई बार फेल हो जा रहे है। परेशानी आने पर करीब घंटेभर तक आसपास के गांव में बिजली बंद कर दी जाती है। इसके कारण लोग परेशान हो जाते हैं। 5 जनवरी की रात मुलमुला सब स्टेशन लाइन में फाल्ट आ गया। सब स्टेशन क्षेत्र में लगाए गए ब्रेकर में खराबी आ गई। जंफर कट गए, अन्य फीडर पर तकनीकी परेशानी आ गई। इसके रविवार रात से लेकर सोमवार दोपहर तक बिजली बंद रही है।



बार-बार बिजली बंद होने से परेशानी ग्राम मुलमुला के ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बिजली बंद होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। ठंड का मौसम होने के कारण गर्मी से राहत है। लेकिन क्षेत्र में दिसंबर से बिजली की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। सुबह हो शा?म किसी समय बिजली बंद हो जाती है। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चांपा से टीम बुलाकर कराई मरम्मत ट्रप्रभारी जेई दुर्गेश कुमार जाटवर ने बताया कि रविवार को मुलमुला सब स्टेशन में लगे ?कई उपकरण में समस्या आने के कारण बिजली बंद हुई थी। चांपा से टीम बुलवाकर सुधार कार्य करवाया गया है।

## 82.45 लाख से कई जरूरते पूरी होंगी नगर पंचायत क्षेत्र की

**सक्ती।** नगर पंचायत अड़भार में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अधोसंरचना मद के अंतर्गत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए और 15वें वित्त के अंतर्गत लगभग 82.45 लाख रुपए के नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े की सांसद निधि से स्वीकृत ढाई लाख रुपए की राशि से भी विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कार्यसमिति सदस्य व चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जूदेव और नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे, अड़भार भाजपा मंडल के अध्यक्ष जीवेंद्र गबेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के सीएमओ आनंद कुमार राय के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर सीएमओ आनंद कुमार राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग की स्वीकृति के अनुरूप नए विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। अड़भार शहर में निरंतर विकास के काम हो रहे हैं। लोगों की जरूरतों व बिजली, पानी के लिए निरंतर नगर पंचायत क्षेत्र काम कर रहा है। अतिथि संयोगिता सिंह जूदेव व नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष दिशु बनिया राम रात्रे ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता संभालते ही शहरी क्षेत्र का विकास तेजी से किया है। भाजपा सरकार लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर ध्यान दे रहे है।



## सरगुजा में छाया घना कोहरा,वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**सरगुजा।** सरगुजा में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को सुबह 11 बजे तक बादल और घना कोहरा छाया रहा। फिर धूप नहीं निकल आई है। इस कारण दिन में भी ठंड का ऐहसास हो रहा है। हालांकि, बादलों के छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है और कड़ाके की ठंड से राहत मिली है।


दिसंबर के पहले सप्ताह में सरगुजा में ठंड की वापसी हुई और न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री के करीब पहुंच गया था। सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर से बादल छाने लगे। इससे न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री दर्ज किया गया था, जो मंगलवार को बढ़कर 9.4 डिग्री हो गया है। सोमवार रात से सरगुजा में घना कोहरा छाने लगा और मंगलवार सुबह अधिकांश इलाकों में घना कोहरा देखने को मिला। बादलों के कारण सूर्य नहीं निकलने से सुबह 11 बजे तक धूप नहीं दिखी। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। सर्द हवाओं के कारण दिन में भी ठिठुरन का ऐहसास हो रहा है। मैदानी इलाकों में जहां घना कोहरा छाया है, वहीं मैनपाट और सामरीपाट जैसे ऊंचे जगहों पर धूप निकली हुई है।



## राजकीय सम्मान के साथ सीआईएसएफ के जवान का अंतिम संस्कार किया गया

**देवरी-चांपा।** बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरुवा निवासी शंकरलाल मन्नेवार(57), सीआईएसएफ यूनिट नगरनार जगदलपुर(बस्तर) में एएसआई के पद पर 35 वर्षों से सेवा दे रहे थे। 1 जनवरी को कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को गृह ग्राम अमरुवा लाया गया। 2 जनवरी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कोरबा से एसआई रवि यादव और उनकी टीम के पांच सदस्य, एएसआई रामसनेही राठौर और प्रधान आरक्षक रूपेंद्र कुमार राठौर ने पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि उनके पुत्र प्रदीप कुमार मन्नेवार ने दी। इस अवसर पर छत्तूलाल, मत्तूलाल, बंशीलाल, अमृतलाल ग्राम के सरपंच रोशन लाल बरेठ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज धूप-बादल के आसार



**जांजगीर।** जिले में सोमवार को को अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा। रविवार की तुलना में अधिकतम तापमान एक डिग्री ज्यादा व न्यूनतम स्थिर रहा। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से ठंडी और शुष्क हवा आ रही है। इस सिस्टम के कारण नमीयुक्त हवा आएगी। जिससे मौसम में उतार-चढ़ाव हो सकता है। मंगलवार को धूप-बादल के आसार है। न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# सक्ती में भाजपा की कमान गभेल को

**सक्ती।** सोमवार को सक्ती के भाजपा जिला अध्यक्ष की घोषणा हो गई। जिले की कमान टिकेश्वर गबेल को सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर टिकेश्वर ने कहा कि वे पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने काम करेंगे।

सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय सक्ती में संपन्न बैठक के दौरान उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों ने नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। इसके बाद टिकेश्वर का पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। टिकेश्वर साल 2019 में अविभाजित जांजगीर-चांपा जिला पंचायत में निर्दलीय सदस्य के रूप में जीते थे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अपना चेहरा बनाया।



पार्टी ने उन्हें अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे का जिला महामंत्री बनाया। भाजपा के तत्कालीन जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने उन्हें भाजपा के चंद्रपुर मंडल के संगठन प्रभारी की भी जिम्मेदारी सौंपी। टिकेश्वर ने कहा कि वे पार्टी के सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में सक्ती जिले में पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में पहल करेंगे। साथ ही योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए काम करेंगे।

आगामी निकाय चुनाव में होगी अहम भूमिका जिले के जिला अध्यक्ष बनने पर टिकेश्वर के सामने संगठन के वरिष्ठ लोगों को एक साथ लेकर चलना भी काफी चुनौती भरा होगा। आगामी नगरीय निकाय के चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव में सफलता अर्जित करना भी एक बड़ा चुनौती होगा। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के कार्यकाल के लिए उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने उनका आभार व्यक्त किया।

## बरगढ़ में लोगों से ठंड से बचाने बांटे गए कम्बल

**सक्ती।** आल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1 संपदा की लीनेस क्लब सक्ती की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस विनिता जायसवाल ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट निर्धनों की सेवा के तहत बढ़ती ठंड से बचाव के लिए बरगढ़ में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर लीनेस सदस्यों विजया जायसवाल, अनीता सिंह, ललिता साहू, कालेश्वरी साहू, पूनम साहू, निधि सिंह, भगवती देवांगन, शहनाज बानो, निकहत करीम खान, प्रिया दुबे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## मोतियाबिंद से संबंधित मामलों में लोगों को वितरण किया चश्मा

**अकलतरा।** स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड में आंखों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर आंखों की जांच की। इस दौरान मरीजों को आंखों में चश्मा लगाने की आवश्यकता पाए जाने पर मरीजों की सूची बनाकर जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजी गई। कलेक्टर आकाश छिकारा ने नेत्र जांच अभियान की समीक्षा करने के बाद मरीजों को चश्मा की आवश्यकता होने पर चश्मा का निशुल्क वितरण कराने निर्देश दिए। जिस पर पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम कापन, तागा, कोटमीसोनार कोटगढ़ एवं नगर में 70 मरीजों को निशुल्क चश्मे का वितरण किया।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महेंद्र सोनी ने बताया कि 70 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया। मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए जाने पर जिला अस्पताल एवं बीडीएम हॉस्पिटल चांपा में मरीजों का निशुल्क आंखों का ऑपरेशन भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। आंखों में किसी प्रकार की समस्या होने पर मरीज तत्काल आंखों की जांच करवाने के साथ स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ ले। चश्मा वितरण कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव, प्रीतेश सिंह चंदेल, डीआर भारते, बबीता पाटले, सत्यजीत कुर्रे एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जन भागीदारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय

**सक्ती।** जिले में विगत वर्ष छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई, जो कि वर्तमान में शहर के गौरव पथ मार्ग पर संचालित है।

इस महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यालय में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए जन भागीदारी समिति का गठन किया है। समिति की पहली बैठक 4 जनवरी को हुई। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के प्रथम अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने पूरे प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था की है।

सक्ती का शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय भी एक सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय के रूप में संचालित है और आने वाले वर्षों में इस महाविद्यालय के स्वयं के भवन निर्माण की दिशा में भी पहल की जाएगी। समिति के अध्यक्ष रामनरेश यादव ने समिति गठन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला, फिर सभी सदस्यों एवं महाविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों ने अपना परिचय दिया।

इस मौके पर जनभागीदारी समिति के सदस्य विधायक प्रतिनिधि अंजू राठौर, कृषक प्रतिनिधि रविशंकर पटेल, अभिभावक सदस्य महेंद्र यादव, सुमित शर्मा, रंजन सिन्हा, अनिता सिंह, मंजूनाथ, सीमा, कामनी परिहार, नेहा गुप्ता, दीपमाला राठौर, सुशीला आदि मौजूद रहे।

# परस्पर समन्वय की जरूरत बतायी गई कार्यक्रमों में

**सक्ती।** जिला अधिवक्ता संघ सक्ती ने जोश और उल्लास के साथ जिला अधिवक्ता संघ सक्ती ने नववर्ष का स्वागत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवहरे ने कहा कि न्याय दान की प्रक्रिया में अधिवक्ता और न्यायाधीश में परस्पर समन्वय अपरिहार्य है, तो वहीं द्वितीय जिला न्यायाधीश बालाराम साहू ने अधिवक्ता संघ सकी को समृद्ध बार में बताया। स्वागत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विशेष न्यायाधीश गंगा पटेल ने सक्ती पदस्थापना को अपने लिए भाग्यशाली बताते हुए कहा क यहां सीजेएम बनकर आई तो यहीं एडीजे के रूप में पदोन्नत होकर फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश का दायित्व मिला है।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सचिव सुरीत चंद्रा,उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रेमलता दुबे, सांस्कृतिक सचिव चंद्र कुमार भारद्वाज, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, पुस्तकपाल मुरली देवांगन उपस्थित थे। मंच संचालक उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि नव वर्ष स्वागत समारोह के इन पलों में न्याय परिवार घटक न्यायाधीशव अधिवक्ता जिंदादिली के साथ दिल की बातें शेयर करते हुए आनंद लेते हैं। सचिव सुरीत चंद्रा ने कहा क भविष्य में भी परस्पर अच्छे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

अंत में अध्यक्ष नरेश सेवक के साथ सूरीत चंद्रा, महेश अग्रवाल, खिलावन राठौर, शकील




मोहम्मद ने मंचासीन अतिथियों के साथ पूर्व विधायक के चैनसिंह श्यामले, सुभाष गर्ग, न्यायिक कर्मचारियों की ओर से दिनेश सिंह को स्मृति चिह्न भेंट किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में न्यायाधीश प्रशांत शिवहरे ने रुक जाना नहीं राही ओ राही ... प्रेरक गीत से समां बांध दिया तो वहीं अधिवक्ता सत्य नारायण सिंह ने अपने गीतों के माध्यम से खूब वाहवाही लूटी। अरविंद भारद्वाज ने स्वागत गीत गाया तो कमलेश्वर चौबे, दादू चंद्रा व अलीम खान ने भी खूब तालियां बजवाई।

## टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवती की हुई मौत

**अंबिकापुर।** शहर के रिंग रोड में बस स्टैंड के पास बाइक सवार टैंकर के नीचे आ गए। हादसे में युवती की मौत हो गई और एक युवक व एक युवती घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि टैंकर रिंग रोड में बिलासपुर चौक की तरफ जा रही थी। इस दौरान गंगापुर की ओर से आ रहे बाइक सवार रिंग रोड में सीधे आगे निकले और टैंकर के नीचे आ गए। हादसे में बाइक सवार दरिमा नवानगर निवासी पिंकी की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे एक युवक व युवती घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी भी खड़ा करेगी अपने प्रत्याशी: प्रियंका

**अकलतरा।** आम आदमी पार्टी बिलासपुर जोन का नव वर्ष मिलन समारोह नगर के कार्यालय में आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटने और आम आदमी पार्टी को जीत दिलवाने का संकल्प लें। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद लगातार अपराधी घटनाएं हो रही हैं। साथ ही प्रदेश में अवैध रूप से शराब व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री जोरों पर है। इसके बाद बाद भी राज्य सरकार द्वारा कोई भी पहल नहीं की जा रही है। प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह चावला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रुपए धान खरीदी की घोषणा की गई थी। लेकिन प्रदेश में सरकार में आने के बाद 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान हो रहा है। इससे किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम को अभिषेक मिश्रा व मिथिलेश बघेल ने भी संबोधित किया। पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव विनय गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन हेमंत कश्यप ने किया। कार्यक्रम में ईश्वर साहू, टिकेश्वर चंद्रा, प्रकाश कमल, राकेश पटेल, अजय मनहर, मन्नू महंत व आदि मौजूद थे।



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक -15

(प्रथम बार)

क्रमांक/26/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2024 — कोरबा,दिनांक 03.01.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.01.2015 सिविल से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची, मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑफलाइन (online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 18.01.2025 समय 17.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. कार्य का नाम :- जोनल टेण्डर (वित्तीय वर्ष 2024-25) जिला कोरबा के विकासखण्ड कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत विभिन्न मदों से स्वीकृत भवन एवं अन्य प्रकार के सिविल कार्य हेतु (रू. 25.00 लाख लागत तक के कार्य हेतु)
2. ठेके की अनुमानित लागत :- रू. 40.00 लाख (प्रत्येक जोनल हेतु)
3. निविदा की धरोहर राशि :- रू. 30000.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
4. निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 150.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)
5. निविदा प्रपत्र Download/Submitt करने की अंतिम तिथि व समय :- 18.01.2025 समय 17.30 बजे तक
6. निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचने की अंतिम तिथि व समय :- 22.01.2025 समय 17.30 बजे तक
7. निविदा खोलने की तिथि :- 23.01.2025 समय 11.00 बजे से

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) तथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 03.01.2025 समय 15.30 बजे से देखी जा सकती है।

(ए.के.जोगी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-242505128/3

*__रायगढ़।__ ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को आगे लाने और शारीरिक विकास के लिए बडेहरदी में मां बंजारी युवा क्रिकेट समिति द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। बड़ेहरदी के हाई स्कूल क्रिकेट मैदान में पुसौर विकास खंड गांव के साथ आसपास के विकास खंड से व समीप उडिशा राज्य के भी टीम भाग ले रही है।

### न्यायालय तहसीलदार सक्ती जिला- सक्ती (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/2234/तह./स्टेनो/2024
सक्ती, दिनांक 02.01.2025
रा.प्र.क्र.अ-2/2024-25
ग्राम- नंदौरखुर्द, तहसील-सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन नंदौरखुर्द तहसील सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार अग्रवाल पिता श्री बिहारी लाल अग्रवाल निवासी सक्ती तह. सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 2169/21 रकबा 0.121 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के न्यायालय से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदिका/आवेदक के उक्त भूमि का व्यावसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 16.01.25 को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप से पेश कर सकते हैं पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार
जिला-सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार जिला- सक्ती (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.अ-2/2024-25
ग्राम- नया बाराद्वार, प.ह.नं.-11

श्री अतुल कुमार अग्रवाल पिता श्री शिव कुमार अग्रवाल, निवासी ग्राम नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) - आवेदक

बनाम

छ.ग.शासन ........................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम नया बाराद्वार, प.ह.नं.11 तह.-बाराद्वार को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अतुल कुमार अग्रवाल पिता श्री शिव कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम नया बाराद्वार, तहसील बाराद्वार जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं.11 ग्राम नया बाराद्वार स्थित भूमि ख.नं.575/5 कुल रकबा 0.0060 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागिय अधिकारी(रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 17.01.2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2025 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बाराद्वार
जिला-सक्ती (छ.ग.)

# अंबिकापुर से मेयर अजय तिर्की का कट सकता है टिकट

**अंबिकापुर।** नगर निगम के लगातार दो बार महापौर रहे डॉ. अजय तिर्की का टिकट भी कट सकता है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि, कांग्रेस महापौर और पार्षदों के लिए अच्छे उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। डॉक्टर साहब तो एक हैं, लेकिन कोई और बेहतर उम्मीदवार सामने आएगा तो उस पर विचार किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए महपौर और नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण मंगलवार को होगा। हालांकि आबादी के हिसाब से अंबिकापुर का नगर निगम एसटी वर्ग के लिए आरक्षित रहेगा। अंबिकापुर में डॉ. अजय तिर्की लगातार दो बार से महापौर हैं। पहली बार वे सीधे जनता से और दूसरी बार पार्षदों के माध्यम से चुनकर महापौर बने थे।

**अन्य प्रत्याशी की भी तलाश**

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि, जो सबसे बेहतर कैंडिडेट होंगे, उनकी हम तलाश कर रहे हैं। महापौर पद के लिए डॉ. अजय तिर्की संभावित उम्मीदवार हैं, लेकिन सभी जोन के साथियों को ब्लॉक कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी को कहा है कि आप लोग और बेहतर प्रत्याशी हो तो बताएं।

**सर्वसम्मति या गुप्त मतदान से तय होंगे उम्मीदवार**

टीएस सिंहदेव ने कहा कि, वार्ड पार्षदों के लिए भी अच्छे उम्मीदवार उतारे जाएंगे। अंबिकापुर नगर निगम को 8ठ जोन में बांटा गया है। उनके नीचे सेक्टर बनाए गए हैं। उनके माध्यम से हर वार्ड में कमेटी का गठन किया जा रहा है।

कांग्रेस की कमेटी पार्षद उम्मीदवार के लिए किसी नाम पर आम सहमति बनाएगी। सर्वसम्मति नहीं बन पाती है, तो गुप्त मतदान कराने का सुझाव दिया गया है। कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े लोग मतदान कर कांग्रेस का प्रत्याशी तय करेंगे।

**आधे से ज्यादा निकायों में जीत का दावा**

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि, 10 नगर निगम में चुनाव हो रहे हैं। इसके अलावा नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी चुनाव होंगे। उम्मीद है कि आधे से ज्यादा निकायों में कांग्रेस को जीत मिलेगी।

**अंबिकापुर निगम कांग्रेस के लिए चुनौती**

अंबिकापुर नगर निगम में लगातार तीसरी बार जीत चुनौती होगी। महापौर डॉ. अजय तिर्की पूर्व डिप्टी सीएम के भरोसेमंद करीबी माने जाते हैं। डॉ. तिर्की को रामानुजगंज से कांग्रेस ने विधानसभा में प्रत्याशी बनाया था,



जहां उन्हें बड़े मतांतर से हार का सामना करना पड़ा।

## नर्मदा नगर कल्याण एवं विकास समिति ने मनाया नववर्ष, गीत-संगीत व नृत्य हुआ

**बिलासपुर।** नर्मदा नगर कल्याण एवं विकास समिति ने नव वर्ष स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में लक्षिता व प्रभु नूर ने कथक नृत्य से लोगों को मोहित किया। इसमें बताया गया कि लक्षिता गोड़ा राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना हैं। इसी क्रम में चौरे दंपती ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

## अनमोल वचन......

विकट समस्याओं का आसान हल ढूंढ निकालना सबसे मुश्किल काम है।

## होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण है। कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना। कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम है- कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना।

पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं। यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए, जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है।

कर्क राशि- आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ [ ालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है।

मकर राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। घर में मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर देर तक बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

# भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी

//अशोक प्रवृद्ध//

**ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है। तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है। पवित्रता के प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त गंगा नदी को पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य व धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है, जिनसे अदृश्य स्वरूपिनी ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है।**




भारत में पवित्र नदियों के किनारे अवस्थित चार स्थानों  हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में कुम्भ (कुंभ) मेला का पवित्र आयोजन सदियों से होता रहा है। खगोलीय गणनानुसार यह मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।यह समय आंतरिक रूप से आध्यात्मिक स्वच्छता और आत्मज्ञान के लिए शुभ अवधि का संकेत माना जाता है। हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से प्रत्येक स्थान पर प्रत्येक 12 वें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्द्धकुम्भ का आयोजन भी होता है। भारतीय संस्कृति में प्रयागराज में अवस्थित गंगा, यमुना और पौराणिक गुप्त सरस्वती के संगम स्थल को अत्यंत पवित्र, धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता रहा है।कुम्भ मेले के अवसर पर इस संगम स्थल में आयोजित होने वाले कुम्भ पर्व में करोड़ों श्रद्धालु एकत्र होते हैं और नदी में स्नान करते हैं, धार्मिक आयोजनों व आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लेते हैं।वर्ष 2013 का कुम्भ प्रयाग में हुआ था। फिर 2019 में प्रयाग में अर्द्धकुम्भ मेले का आयोजन हुआ था। अब 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयाग में महाकुम्भ का आयोजन होगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है।ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है।इसमें पूरे भारतीय उपमहाद्वीप से तीर्थयात्री आते थे। गुप्तकाल के शासकों ने प्रतिष्ठित धार्मिक मंडली के रूप में इसकी स्थिति को और अधिक महत्व प्रदान किया। मध्य काल में कुम्भ मेले को विभिन्न शाही राजवंशों से संरक्षण प्राप्त हुआ, जिनमें दक्षिण में चोल और विजयनगर साम्राज्य, उत्तर में दिल्ली सल्तनत, राजपूत व मुगल मुगल शासकों का संरक्षण मिला।कहा जाता है कि अकबर ने भी धार्मिक सहिष्णुता की भावना को दर्शाते हुए कुम्भ समारोहों में भाग लिया था।ब्रिटिश प्रशासकों ने इस उत्सव को देखकर इसके विशाल पैमाने और इसमें आने वाले लोगों के विविध सभाओं में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं वृहत संख्या को देख आश्चर्यचकित होकर इसका दस्तावेजीकरण किया।स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आवागमन के साधनों के विकसित होने से महाकुम्भ मेले को और भी अधिक महत्व प्राप्त हुआ, ज राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यूनेस्को द्वारा 2017 में कुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त है।कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा, सुराही, बर्तन है। पौराणिक ग्रंथों में इसका वर्णन जल अथवा अमरता अर्थात अमृत के लिए किया गया है।मेला शब्द का अर्थ है- किसी एक स्थान पर मिलना, एक साथ चलना, सभा में अथवा फिर विशेष रूप से सामुदायिक उत्सव में उपस्थित होना। इस प्रकार, कुम्भ मेले का अर्थ है -अमरत्व का मेला। ज्योतिष व खगोलीय गणनाओं के अनुसार कुम्भ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।

मकर संक्रान्ति के होने वाले इस योग को कुम्भ स्नानयोग कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलकारी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।यहाँ स्नान करना साक्षात स्वर्ग दर्शन माना जाता है। भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म में कुम्भ का अत्यधिक महत्व माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं व ज्योतिषिय गणनानुसार कुम्भ का असाधारण महत्व बृहस्पति के कुम्भ राशि में प्रवेश तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ जुड़ा है। ग्रहों की स्थिति हरिद्वार से बहती गंगा के किनारे पर स्थित हर की पौड़ी स्थान पर गंगा जल को औषधिकृत करती है तथा उन दिनों यह अमृतमय हो जाती है।यही कारण है । कि अपनी अंतरात्मा की शुद्धि हेतु पवित्र स्नान करने लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से अर्ध कुम्भ के काल में ग्रहों की स्थिति एकाग्रता तथा ध्यान साधना के लिए उत्कृष्ट होती है।यही कारण है कि ऐसे अवसरों पर यहाँ अर्ध कुम्भ तथा कुम्भ मेले के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक होती है। कुम्भ पर्वायोजन को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से एक सर्वाधिक मान्य कथा देवता व दानवों के सामूहिक प्रयत्न से संपादित समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुम्भ से अमृत बूँदें गिरने से संबंधित है। इस पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण इन्द्र और अन्य देवता श्रीहीन हो गए। देवताओं के कमजोर हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया।तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतान्त सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हे दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी।

भगवान विष्णु के सलाह पर सभी देवता दैत्यों के साथ सन्धि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। उनके अथक प्रयास से उन्हें अमृत कलश प्राप्त हुआ, लेकिन अमृत कुम्भ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इन्द्रपुत्र जयन्त अमृतकलश को लेकर आकाश में उड़ गया।उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के आदेशानुसार दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयन्त का पीछा किया। घोर परिश्रम के बाद दैत्यों ने बीच रास्ते में ही जयन्त को पकड़ लिया।तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देवता व दानवों में बारह दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। इस परस्पर संघर्ष के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों - प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में जयन्त ने कलश को रखा जहां कलश से अमृत की बूंदें छलक कर गिर पड़ीं।उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्त्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शान्त करने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बाँटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अन्त किया गया।कथा के अनुसार अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर  युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं।इसलिए कुम्भ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुम्भ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुम्भ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहाँ पहुँच नहीं है।

जिस समय में चन्द्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की वर्तमान राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र -सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय कुम्भ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहाँ-जहाँ अमृत बूँद गिरी थी, वहाँ-वहाँ कुम्भ पर्व का आयोजन होता है। पृथ्वी पर होने वाले चार कुम्भ हैं- प्रथम उत्तराखंड की गंगा नदी पर हरिद्वार में, द्वितीय मध्यप्रदेश की शिप्रा नदी पर उज्जैन में, तृतीय महाराष्ट्र की गोदावरी नदी पर नासिक में और चतुर्थ उत्तर प्रदेश की गंगा यमुना और गुप्त सरस्वती नदियों के संगम पर।तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है।

पवित्रता के प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त गंगा नदी को पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य व धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है, जिनसे अदृश्य स्वरूपिनी ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है। तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी के कुम्भ को शक्तिशाली कहा गया है।मान्यतानुसार पृथ्वी के विशालतम मानव समागम के कुम्भ मेला में स्नान, दान और दर्शन से मनुष्य को जीवन के अनंत चक्र से मुक्ति मिल जाती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार प्रत्येक बारह वर्ष में मानव मोक्ष के द्वार खुलते हैं। 2025 में बृहस्पति मेष राशि में और सूर्य, चंद्र मकर राशि पर अमावस्या तिथि पर आने के कारण उस समय प्रयागराज में कुम्भ का योग बनेगा। और प्रयागराज के गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम तट पर कुम्भ मेला आयोजित होगा। लाखों लोगों के द्वारा शांति पूर्ण ढंग से भागीदारी निभाने से सम्पन्न होने वाला यह रहस्यमय मेला कुम्भ कोई संगठित आयोजन नहीं, बल्कि एक स्वत- स्फूर्त, आंतरिक, प्राचीन और निरंतर घटना है। यह भारतीय उप-महाद्वीप का धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और आर्थिक महत्व का विशालतम आयोजन है इस आयोजन में मानव धार्मिक तीर्थ- आध्यात्मिक दर्शन करते हुए स्नान- दान, जीवन-मृत्यु के साथ मोक्ष को साक्षात साकार कर अपने को धन्य महसूस करता है।

# देश के दुलारे सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी

//संदीप जोशी//

**वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेशजी जनमानस के आत्मविकास में लगे हुए हैं।  भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं।**

नया साल नई संभावनाएं लिए आता है। समय कैसा भी रहे अपन समाज के प्रति अपनी आशा तो बनाए रख ही सकते हैं। समाज से संवाद तो चलाया जा ही सकता है। समाज से ही निकले सभ्य-सुशील लोग नयी समय-समझ गढने् में भी लगते हैं। उनके नए संवाद से भी समाज की समझ बनती-बढ़ती है। इसलिए आशा है समाज में श्रद्धा, सौहार्द और विवेक का माहौल बने। भौतिक विकास के साथ आत्मिक विकास भी हो। वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेश जी जनमानस के आत्मविकास में लगे देखे जा सकते हैं।

किसी का भी अस्तित्व तो उसकी सच्ची आस्था के आत्मविश्वास से ही प्रकट होता है। वही आस्था जो हमारे जीवन के अर्थ व हमारे रोजमर्रा के कामों से प्रदर्शित होती है। और फिर हमारे वही अर्थपूर्ण कामकाज ही हमें प्रतिष्ठित व लोकप्रिय बनाते है। मगर आकार से न हमारा अस्तित्व तय होता है न ही संख्या से हमारी सार्थकता। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं। इसलिए सारे देश में इंद्रेश जी, इंद्रईश दुलारे हो गए हैं।

पिछले दिनों इन्द्रेश जी ने चंडीगढ़ में वृंदावन प्रकट उत्सव मनाया। वृंदावन का महिमामृत व भाव कहा व गाकर सुनाया। चंडीगढ़ के ही लोकप्रिय गायक-संगीतकार बी-प्राक ने इन्द्रेश जी को रस, रास और राग के महात्म्य के लिए बुलाया था। वृंदावन प्रकृति-प्रेम का प्रतीक है तो कुरुक्षेत्र गीता-ज्ञान का रणक्षेत्र। उसी से लगे चंडीगढ़ में इन्द्रेश जी वृंदावन के राधाकृष्ण प्रेम को उत्सव रूप में प्रकट कर रहे थे। अपने रसमय भागवत प्रेम के कथा-पाठ के साथ रागमय संगीत रच रहे थे। इन्द्रेश जी परंपरा से प्राप्त कृष्ण-प्रेम को नए युवाओं के लिए नवोदित चिंतन प्रदान करने में लगे हैं। बृज की सरससता से देश में समरसता जगाने में लगे हैं।

भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। दिखने में पुरुषत्व सुंदरता लिए, इंद्रेश जी की वाणी सुर में सुरीली, राग में लचीली व भाव से भरी है। काले-घने लहराते केश से घिरा, नीचे साफ-चौड़ा माथा है। उनके चौड़े माथे पर सीधा चलता लाल तिलक उनके स्वरूप को कांति देता है। उनकी जुल्फों से नीचे निकलती लंबी कलम कान को खास आकार और चेहरे को साकार करती हैं।

हंसमुख होंठ व गोल-गोल गाल कहने-सुनने के लिए आकर्षित करते हैं। उनकी कटीली भौंह उनकी प्रकाशमय आंखों को चमत्कर्ष बना देते हैं। एक ही कान में मोती उनको आज के युवा-युवती से जोड़ता है। लेकिन इंद्रेश जी के चेहरे में सबसे आकर्षित करने वाली तो उनकी भावमय, रसमय आंखें ही हैं जो अनकहा भी कह जाती हैं। यानी कूल मिला कर एक व्यक्तित्व जो कला में श्रेष्ठ, गायन में सुरीला और रूप में सुखमय निखर कर आता है। राग व अनुराग से भरा पूरा चरित्र।

इन सब चेहरे के चित्र से अलग इंद्रेश जी का चरित्र उनके क्रिकेट प्रेम से भी झलकता है। युवाओं के खेल प्रेम से उन्हें जोड़ता भी है। भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच श्रृंखला का कानपुर टेस्ट देखने उनको ग्रीन पार्क मैदान पर भी ले जाता है। मानव कल्याण, जीव कल्याण व गऊ कल्याण का पाठ पढ़ाते हुए इंद्रेश जी जीवन को युवाओं के लिए आनंद का खेल बना देते हैं। और चंडीगढ़ में सुहावनी सुंदर संगत जमा देते हैं। भारतीयों में आज अगर थोड़ा सा भी कुछ सनातन बचा है तो उसे भी जगाते हैं। जिसको देखा-सुना नहीं उसके प्रति प्रेम भक्ति जगाते हैं।

सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी जैसे ही पंथनिष्ठ कथा-संतों से सजती है। समाज को नैतिक निष्ठा के लिए संजोता है। समरस, समभाव का समाज रचने में लगती है। आज का युवा भी इंद्रेश जी के संगीतमय, भक्तिमय और रसमय भागवत कथा पाठ पर चल व थिरक भी सकता है। इंद्रेश जी देश के दुलारे हैं क्योंकि उनके जैसे कथा-संतों से ही सनातन धर्म चलता आया है।

## तस्वीरों की दुनिया



जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने पटना में जमानत की शर्तों को मानने से इनकार करने के बाद सिविल कोर्ट में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया, जिसके कारण उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर में मिशन से लौट रहे संयुक्त ऑपरेशन दल को बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र के अंबेली गांव के पास माओवादियों ने आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया।



नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ झारखंड के रांची के नामकुम में माईयन सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल हुए।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा में पहुंचे और पटना के वैशाली जिले में 318 करोड़ रुपये की लागत से 125 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सिख समुदाय के दशमेश गुरु, गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा रकाब गंज का दौरा किया और प्रार्थना की।




केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में नई दिल्ली में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ नौवें बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की।

# कनाडा का अमेरिका में विलय हो, ट्रूडो के इस्तीफे के बाद ऐसा क्यों बोले ट्रंप ?

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आंतरिक मतभेद का मतलब है कि वह अगले चुनाव के लिए सबसे योग्य विकल्प नहीं होंगे। ट्रूडो के इस्तीफे पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कनाडा के बहुत सारे लोग चाहते हैं कि यह अमेरिका 51वां राज्य बन जाए। अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे के साथ सब्सिडी को सहन नहीं कर सकता है, जिसकी कनाडा को बने रहने के लिए जरूरत थी।उन्होंने आगे कहा कि जस्टिन ट्रूडो यह जानते थे और इस्तीफा दे दिया। अगर कनाडा, अमेरिका में विलय कर लेता, तो कोई टैरिफ नहीं होता, कर बहुत कम हो जाते और रूसी-चीनी जहाजों के के खतरे से पूरी तरह सुरक्षित होता। साथ मिलने से यह कितना महाराष्ट्र होता। कनाडा में विपक्षी दल न्यू डेमोक्रैटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने कहा, समस्या सिर्फ जस्टिन ट्रूडो की नहीं है बल्कि फैसले लेने वाले हर मंत्री की है। हर लिबरल सांसद उन सभी कनाडाई लोगों को नीची नजरों से देखता है जो ऊंची कीमतों या ढहती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिंतित हैं। लिबरल को दूसरा मौका नहीं मिलना चाहिए, फिर



चाहे नेता कोई भी हो। भारत विरोधी एजेंडा चलाने में जुटे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की उल्टी गिनती तभी शुरू हो गई थी, जब बीते वर्ष कनाडाई संसद में ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि उनके पास खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के विश्वसनीय अभियोग हैं। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच संबंध सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। हालांकि, अब इस्तीफे की घोषणा के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के बेहतर होने की उम्मीद जग गई है। बीते वर्ष कनाडा द्वारा भारत के उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को निज्जर की हत्या से जुड़े व्यक्ति के रूप में बताए जाने के बाद काफी बड़ा कूटनीतिक विवाद शुरू हो गया था।

भारत ने कनाडा के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें बेतुका और प्रेरित बताते हुए ओटावा पर आरोप लगाया था कि वो देश में चरमपंथी और भारत विरोधी तत्वों को जगह दे रहा है।निज्जर की हत्या के संबंध में अक्टूबर 2024 में ट्रूडो ने कनाडाई विदेशी हस्तक्षेप जांच के समक्ष स्वीकार किया था कि भारत इस इन आरोपों से जुड़े सबूत मांग रहा है जबकि उनकी सरकार ने केवल खुफिया जानकारी दी थी और कोई ठोस सबूत नहीं दिया।इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस लापरवाह व्यवहार ने भारत-कनाडा संबंधों को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी जिम्मेदारी अकेले ट्रूडो की है। इस दौरान खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा कनाडा में हिंदुओं के साथ मंदिरों को भी निशाना बनाया है।इसके बाद नवंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कड़े शब्दों में एक्स पोस्ट पर लिखा था कि हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने के कायराना प्रयास भी उतने ही भयावह है। ऐसे हिंसक कृत्य भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं करेंगे।हम कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बरकरार रखने की उम्मीद करते हैं।

## टुकड़ों में बंट जाएगा पाकिस्तान!



**इस्लामाबाद, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चीन से व्यापार करके अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने में लगे पाकिस्तान के लिए अब यह रास्ता भी बंद हो गया है। दरअसल, गिलगिट बाल्टिस्तान में बिजली की समस्याओं को लेकर हुंजा आवामी एक्शन कमेटी और ऑल पार्टीज ट्रेडर्स एसोसिएशन के आह्वान पर जनता ने धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इन प्रदर्शनों के कारण हजारों ट्रक फंसे हुए हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने प्रदर्शनकारियों से समझौता करने और रास्ते खुलवाने का बहुत प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। गिलगिट बाल्टिस्तान चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष इमरान अली ने बताया कि इस आंदोलन की वजह से माल से भरे करीब 700 ट्रक सीपैक पर फंस गए हैं, जबकि कई ट्रक बंदरगाह पर ही फंसे हुए हैं।इतना ही नहीं इसका असर देश के भीतर होने वाले परिवहन पर भी पड़ा है। देश के अंदर माल पहुंचाने का काम करने वाले पाकिस्तानी ट्रक भी हुंजा में कई जगहों पर फंसे हुए हैं। इससे पहले तामाम प्रदर्शनकारियों ने सरकार की तरफ से रखे गए प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया। स्थानीय निवासियों ने अपने मुद्दों का समाधान हो जाने तक विरोध जारी रखने की घोषणा की है।हुंजा के डिप्टी कमिश्नर ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की है। हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि गिलगिट बाल्टिस्तान सरकार हुंजा की बिजली आपूर्ति सुधार के लिए तुरंत ही कदम उठाएगी। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

## आपने वोट दिया है, इसका मतलब ये नहीं कि... बारामती की जनता पर ही क्यों भड़क पड़े अजित पवार



**पुणे, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को बारामती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपना आपा खो दिया।दरअसल, बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। नाराज होकर अजित पवार ने लोगों से कहा कि वे सिर्फ इसलिए उनके मालिक नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उन्हें वोट दिया है।

उप मुख्यमंत्री पवार ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या उन्होंने उन्हें अपना नौकर बना लिया है। एनसीपी नेता ने कहा कि आपने मुझे वोट दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप मेरे मालिक हैं। इस बीच अजित पवार के कैबिनेट सहयोगी और महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस बात पर जोर दिया कि लोग सबसे महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे ही नेताओं को सत्ता में लाते हैं।

## एक ही नंबर पल्टे की दो कार, ताज होटल के सामने खड़ी थीं दोनों गाड़ियां, मामले की सच्चाई जानकर पुलिस रह गई दंग!

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

मुंबई के विश्व प्रसिद्ध ताज होटल के बाहर सोमवार को एक ही नंबर की दो कार खड़ी मिलीं। सफेद रंग की दोनों कार पर पीले रंग की नंबर प्लेट लगी थी। दोनों गाड़ियों पर एमएच 01 ईई 2388 नंबर दिखा। 26/11 के आतंकी हमले के दौरान ताज होटल को निशाना बनाया गया था इसलिए इस इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है।

इसके बावजूद एक ही नंबर की दो कारें मिलने पर तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।पुलिस ने दोनों कारों को कोलाबा पुलिस स्टेशन लाकर जब ड्राइवरों से पूछताछ की पता चला कि माजरा क्या है। दरअसल मुंबई के एक कैब ड्राइवर ने अपनी नंबर प्लेट में फर्जीवाड़ा करके कार लोन की किस्त से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट लगा लिया था। आरोपित ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उसने कर्ज वसूली एजेंटों से बचने के लिए कार के नंबर के अंतिम अंक को 8 में बदल दिया था। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसकी कार का रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच 01 ईई 2383 है। पुलिस ने बताया कि कहा कि आरोपित ड्राइवर प्रसाद चंद्रकांत कदम ने कार खरीदने के लिए लोन लिया था, लेकिन किस्त नहीं चुका पा रहा था। उसे डर था कि जिस फाइनेंस कंपनी से उसने लोन लिया था वह कार को जब्त कर सकती है। इसलिए यह फर्जीवाड़ा किया।अधिकारी ने कहा,शिकायतकर्ता साकिर अली को एहसास हुआ कि उसकी कार को लगातार यातायात उल्लंघन ई-चालान मिल रहा था। अली को इस बात से आश्चर्य हुआ कि कार उन क्षेत्रों में कभी नहीं गई जहां चालान जारी किए गए थे। उन्हें टोल शुल्क की चोरी की भी सूचना मिली।

अली शिकायत लेकर ट्रैफिक पुलिस के पास पहुंचे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। आखिरकार सोमवार को आखिरकार संयोगवश वह कार मिल गई जिसका नंबर वही था जो उनके कार का नंबर है। सोमवार दिन में करीब 11.30 बजे, अली एक यात्री को ताज होटल में छोड़ रहे थे, तभी उनकी नजर उसी नंबर प्लेट वाली दूसरी कार पर पड़ी।उसने बाहर निकलकर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी भगा दी।

## एच-1बी वीजा पर चल रहे बवाल के बीच अमेरिका का बड़ा कदम, भारतीयों को दी ये खास राहत

**नई दिल्ली।** अभी अमेरिका में भारतीयों को मिलने वाले एच-1बी वीजा को लेकर जबरदस्त राजनीतिक विवाद चल रहा है। ऐसे में अमेरिकी प्रशासन की तरफ से इस वीजा को हासिल करने वाले भारतीयों को एक बड़ी राहत देने का संकेत दिया है। अभी एच-1बी वीजा धारकों को एक निश्चित समय अंतराल पर भारत आना पड़ता है या अमेरिका से बाहर जाना पड़ता है और पासपोर्ट पर किसी दूसरे देश का स्टांप लगाना पड़ता है। तभी उनका वीजा रिन्यू होता है। अब इस बाध्यता को समाप्त करने के लिए भारत स्थित अमेरिकी दूतावास एक प्रौद्योगिक आधारित प्रायोगिक परियोजना पर काम कर रहा था। परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो गई है और इसे नये वर्ष 2025 में लागू करने की तैयारी है।यह जानकारी अमेरिकी दूतावास की तरफ से जारी वार्षिकी प्रपत्र में दी गई है। इस सुविधा का सबसे ज्यादा सहूलियत आईटी सेक्टर में कार्यरत भारतीय पेशवरों को होगी।

## अमेरिका में तबाही मचाने आ रहा तूफान, 6 करोड़ लोगों को चेतावनी, 1450 फ्लाइट रद और 11 हजार देरी से उड़ीं



**वाशिंगटन, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

वाशिंगटन। अमेरिका में सर्दियों के मौसम का वर्ष का पहला तूफान बड़े हिस्से में हिमपात, बर्फबारी और जमा देने वाला तापमान लेकर आया है। इस कारण कंसास से लेकर न्यू जर्सी तक एक दर्जन से अधिक राज्यों के करीब छह करोड़ लोगों के लिए मौसम की चेतावनी और एडवाइजरी जारी की गई। मध्य एवं दक्षिण अमेरिका के लगभग तीन लाख घर और व्यापारिक प्रतिष्ठान बिजली से वंचित रहे। सोमवार सुबह तक करीब 1,450 उड़ानों को रद करना पड़ा और 11 हजार से अधिक विलंबित हो गईं। न्यूयार्क, शिकागो और वाशिंगटन के हवाई अड्डे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। तूफान मध्य अटलांटिक से वाशिंगटन डीसी की ओर बढ़ रहा है जिससे वहां भारी बर्फबारी और जबर्दस्त ठंड की संभावना है। दक्षिणी ओहियो से वाशिंगटन तक छह से 12 इंच बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। इसी बीच सोमवार को वहां अमेरिकी संसद डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन को सत्यापित करेगी। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि कंसास और उत्तर-पश्चिम मिसौरी के कुछ हिस्सों में बर्फीले तूफान की स्थिति बनी हुई है। सड़कें बर्फ से ढकी हैं, 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और अधिकारियों ने निवासियों से यात्रा नहीं करने को कहा है। भारी हिमपात और बर्फ के कारण कंसास की मुख्य सड़क (इंटरस्टेट-70) का अधिकांश हिस्सा रविवार को बंद रहा।कंसास में तापमान माइनस 15 से 32 डिग्री सेल्सियस रहा। मिसौरी में पुलिस इंटरस्टेट-29 के बंद हुए 50 मील से अधिक के हिस्से की सफाई में जुटी रही ताकि फंसे हुए वाहन चालकों को तलाशा जा सके। रविवार दोपहर बाद तक पुलिस ने फंसे हुए करीब 600 चालकों की मदद की एवं उसे करीब 285 दुर्घटनाओं से निपटना पड़ा।

इंडियानापोलिस, सिनसिनाटी, वाशिंगटन और फिलाडेल्फिया समेत कई स्थानों पर सोमवार को तूफान की वजह से सैकड़ों स्कूल और संघीय व सरकारी कार्यालय बंद रहे। स्कूलों ने पहले ही बंदी की घोषणा कर दी थी। तूफान के कारण कंसास, केंटकी, अरकंसास, पश्चिम वर्जीनिया और वर्जीनिया समेत कई राज्यों के गर्वनरों ने पहले ही आपातकाल की घोषणा कर दी थी। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि उत्तर केंटकी और दक्षिण पश्चिम वर्जीनिया में बर्फीली वर्षा और ओलों से बर्फ जमा होगी जो खतरनाक हो सकती है। सेवा के अनुसार, तूफान सोमवार रात को तट से दूर चला जाएगा।

## पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत लोकपाल ने की खारिज, कहा- अन्य विकल्प अपनाने की छूट

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

लोकपाल ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के विरुद्ध कथित भ्रष्टाचार की शिकायत को अधिकार क्षेत्र से बाहर होने के कारण खारिज कर दिया है। यह शिकायत 18 अक्टूबर, 2024 को दाखिल की गई थी तब जस्टिस चंद्रचूड़ प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) थे। शिकायत में खास राजनेताओं व राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाने व बचाने के लिए पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था जो भ्रष्टाचार सरीखा है।जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। लोकपाल ने अपने तीन जनवरी के आदेश में विस्तार से पड़ताल की कि क्या पदासीन सीजेआई या सुप्रीम कोर्ट का कोई न्यायाधीश लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम की धारा-14 के दायरे में आता है, लेकिन 382 पृष्ठों की शिकायत में शामिल विविध आरोपों पर विस्तारपूर्वक चर्चा से परहेज किया। लोकपाल चेयरपर्सन जस्टिस एएम खानविलकर और पांच अन्य



सदस्यों की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता कानून के तहत अन्य विकल्प अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। साथ ही कहा कि उन्होंने आरोपों की मेरिट पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। लोकपाल ने अधिनियम की धारा-14 के तहत विभिन्न प्रविधानों की पड़ताल की। इसमें लोकपाल के क्षेत्राधिकार में प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद, ग्रुप ए, बी, सी व डी के अधिकारी और केंद्र सरकार के अधिकारी शामिल हैं। आदेश के अनुसार, कोई कार्यरत न्यायाधीश या प्रधान न्यायाधीश धारा-14 के प्रविधान ए से ई, जी और एच के दायरे में नहीं आएगा।

सिर्फ प्रविधान एफ ही लागू हो सकता है जो कहता है कि कोई भी व्यक्ति जो किसी भी निकाय या बोर्ड या निगम या प्राधिकरण या कंपनी या सोसायटी या ट्रस्ट या स्वायत्त निकाय का अध्यक्ष या सदस्य या अधिकारी या कर्मचारी है या रहा है और जो संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या पूरी तरह या आंशिक रूप से केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित या उसके द्वारा नियंत्रित है। मगर सुप्रीम कोर्ट संसद के अधिनियम नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद-124 द्वारा स्थापित है और वह केंद्र द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से वित्तपोषित भी नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर, शिमला में स्थापित हो AFT पीठ, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इससे लंबित मामलों में आएगी कमी

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा संबंधी लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) की पीठें स्थापित करने का सोमवार को आह्वान किया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वर्तमान में चंडीगढ़ स्थित सशस्त्र बल अधिकरण पर इन राज्यों के लंबित मामलों का भारी बोझ है। जम्मू-कश्मीर, शिमला तथा धर्मशाला में सर्किट पीठ स्थापित करने से मामलों के शीघ्र निपटान में मदद मिलेगी।

एएफटी में खाली पदों को भरने में देरी के लिए केवल केंद्र को दोषी ठहराने से इनकार करते हुए पीठ ने अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि वे सर्किट बेंच की स्थापना की संभावनाएं तलाशें। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के सदस्यों की शीघ्र नियुक्ति के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हमें ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी, जिससे न्यायाधिकरण में संभावित रिक्तियां होने से छह महीने पहले ही रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाए। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि वह न्यायाधिकरणों की कुल स्वीकृत संख्या और रिक्तियों के आंकड़े एकत्र करे तथा इन पदों को व्यवस्थित ढंग से भरने के लिए सुझाव दे। केंद्र को न्यायाधिकरणों में पदों को भरने के लिए चल रही प्रक्रियाओं का विवरण चार सप्ताह के भीतर पेश करने का निर्देश दिया गया है।

## हमले से पहले दो बार न्यू आरलियंस गया था शमसुद्दीन 2 महीने पहले ही कर लिया था ट्रक का इंतजाम

**न्यू आरलियंस, 07 जनवरी [एजेंसी]।**

न्यू आरलियंस में नए वर्ष का जश्न मना रहे लोगों पर बुधवार को ट्रक चढ़ाने वाला हमलावर शमसुद्दीन जब्बार हमले से पहले दो बार अक्टूबर और नवंबर में न्यू आरलियंस गया था। शमसुद्दीन न्यू



आरलियंस में किराये के घर पर रहा।उसने साइकिल से फ्रेंच क्वार्टर से गुजरते हुए फ्रेंच क्वार्टर का वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए उसने स्मार्ट मेटा ग्लास का इस्तेमाल किया था। मेटा ग्लास चश्मे की तरह दिखता है, लेकिन इससे वीडियो रिकॉर्ड किया जा सकता है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के उप सहायक निदेशक क्रिस्टोफर रे ने रविवार को कहा कि शमसुद्दीन ने हमले से पहले मिस्त्र के काहिरा और कनाडा के ओंटारियो की भी यात्रा की थी। अधिकारियों के अनुसार शमसुद्दीन ने हमले में इस्तेमाल किए गए वाहन की व्यवस्था 14 नवंबर को ही कर ली थी। शमसुद्दीन ने एक जनवरी को कनाल एवं बोरबान स्ट्रीट्स चौराहे पर नए वर्ष के जश्न के दौरान भीड़ पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया था और गोलीबारी की थी। बोरबान स्ट्रीट शहर के फ्रेंच क्वार्टर में ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है जहां काफी भीड़ जुटती है। हमले में 14 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 30 अन्य लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने घटना के बाद हमलावर को मुठभेड़ में मार गिराया था। एफबीआई को ट्रक से इस्लामिक स्टेट का झंडा और कई हथियार मिले थे। शमसुद्दीन ने हमले से कुछ घंटे पहले पोस्ट किए गए ऑनलाइन वीडियो में इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह के लिए अपने समर्थन की घोषणा की थी।

## भारत में एचएमपीवीकी दस्तक, पांच मामले आए सामने, कर्नाटक और तमिलनाडु के दो-दो बच्चे संक्रमित

**नईदिल्ली, 07 जनवरी [एजेंसी]।**




ह्यूमन मेटानिमोवायरस ने भारत में भी दस्तक दे दी है। देश में इसके पांच मामले सामने आए हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में दो-दो और गुजरात में एक बच्चे में एचएमपीवी की पुष्टि हुई है। वैसे किसी भी बच्चे का विदेश यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। कर्नाटक में जिस एक बच्चे की एचएमपीवी रिपोर्ट पाजिटिव आई थी, वह ठीक होकर घर भी जा चुका है। इस बीच भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईएसीएमआर) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित बढ़ोतरी से निपटने को पूरी तरह से तैयार है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।बता दें कि एचएमपीवी मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता है, जिससे सामान्य सर्दी-जुकाम जैसा संक्रमण होता है। बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में ब्रोंकोपन्यूमोनिया की हिस्ट्री वाली तीन महीने की एक बच्ची को भर्ती कराने के बाद उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बच्ची को ठीक होने बाद छुट्टी दे दी गई है। इसी अस्पताल में आठ माह के एक बच्चे का तीन जनवरी को कराया गया एचएमपीवी टेस्ट पाजिटिव पाया गया। वह भी अब ठीक हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ये दोनों मामले आईसीएमआर के नियमित निगरानी से सामने आए। वायरस संक्रमण पर नजर रखने के लिए न्यूमोनिया के कुछ मामलों का लेबोरेटरी में सैंपल भेजा जाता है ताकि संक्रमण करने वाले वायरस की सही पहचान की जा सके। चेन्नई में एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दो बच्चों में ह्यूमन मेटानिमोवायरस की पुष्टि हुई है और उनका इलाज चल रहा है। ये दोनों मामले चेन्नई शहर के दो-दो अलग अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।उधर, गुजरात के अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती जिस बच्चे में एचएमपीवी की पुष्टि हुई है, वह राजस्थान के डुंगरपुर का है। इस बीच राजस्थान सरकार ने कोविड, स्वाइन फ्लू और इंफ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से ओपीडी एवं आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर अतुल गोयल के अनुसार एचएमपीवी वायरस नया नहीं है और भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लंबे समय से सक्रिय रहा है। सामान्य न्यूमोनिया वायरस की तरह सर्दियों में इसके संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन भारत में इसका संक्रमण बढ़ने का कोई संकेत नहीं मिला है।

# बस्तर क्षेत्र में पर्यटन विकास को मिली गति

## केशकाल घाटी और टाटामारी में बढ़ रही पर्यटकों की रौनक


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में बस्तर क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हो गई है और इसका ताजा उदाहरण नेशनल हाईवे 30 पर स्थित केशकाल घाटी है। केशकाल घाटी को बस्तर की लाइफ लाइन के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इस घाटी से ही होकर बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों एवं ओड़िसा, आंध्रप्रदेश सहित तेलंगाना तक पहुँचा जाता है। नेशनल हाईवे पर स्थित केशकाल घाटी प्रमुख मार्ग होने के साथ साथ बस्तर क्षेत्र के व्यवसायिक विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। आज से दो महीने पहले यह घाटी जर्जर स्थिति में थी इस कारण यहाँ से गुजरने वाले लोग धुल एवं लम्बी जाम से परेशान थे। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने घाटी की कायाकल्प के लिए कार्य योजना तैयार किया, फलस्वरूप आज घाटी पूरी तरह से बन कर तैयार है और गाड़ियाँ घाटी से फर्राटे भर रही हैं। केशकाल घाट में मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बीते शुक्रवार को सुबह सभी प्रकार के वाहनों के आवाजाही बहाल हो गई है। घाटी के नवीनीकरण से यातयात में सुगमता आएगी, साथ ही इससे क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## घाटी के दीवारों के वॉल पेंटिंग बना आकर्षण का केंद्र

केशकाल घाटी मरम्मत कार्य के साथ-साथ घाटी के दीवारों पर बस्तर की संस्कृति, कला, पर्यटन को चित्रित किया गया है, जिससे घाटी आकर्षण का केंद्र बन गया है। घाटी को अब लोग फूलों की घाटी के नाम के साथ-साथ अब खुबसूरत वॉल पेंटिंग के लिए भी जाना जाएगा। बस्तर में कई खुबसूरत पर्यटन स्थल है और कांकेर जिले के पर्यटन स्थलों को निहारने के बाद पर्यटक घाटी के रास्ते ही आगे की सफ़र तय करते हैं, ऐसे में जब घाटी में बने सुंदर पेंटिंग से उन्हें बस्तर की प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी के साथ जिले के शिल्पियों द्वारा बनाए कलाकृति बेलमेटल एवं आदिवासी कला व संस्कृति की महक से पर्यटक रुबरु हो पाएंगे।


## टाटामारी को एडवेंचर पर्यटन के रूप में किया जाएगा विकसित

घाटी के दाहिने ओर स्थित टाटामारी हिल स्टेशन अपने खूबसूरत प्राकृतिक सुंदरता के लिए देश दुनिया में प्रसिद्ध है। आप जब घुमावदार मोड़ों वाली घाटी से यात्रा के बाद टाटामारी पहुंचेंगे तब आपकी थोड़ी बढ़ी हुई धड़कने शांत और आँखों को राहत मिलेगी। यहाँ की खुबसूरत नज़ारे देख कर पर्यटकों के मन में काश ये वक्त यही ठहर जाए यह बात आ ही जाती है। और हर कोई यहाँ के नाजरों को अपने मोबाईल में कैद करने से रह नहीं पाते। यही वजह है की इस नूतन वर्ष में पर्यटक दूर-दूर से यहां की नैसर्गिक सुंदरता को निहारने के लिए पहुंच रहे हैं।









यहाँ हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। वर्ष 2020 में 20 हजार 950 पर्यटकों की संख्या थी जो अब बढ़कर 01 लाख 76 हजार 682 हो गई है। यहाँ पर्यटकों के रुकने के लिए यहाँ पर उचित व्यवस्था की गई है ताकि पर्यटक टाटामारी के साथ-साथ आस पास के अन्य पर्यटन स्थलों तक भी पहुँच सकें। टाटामारी में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल भी रहा है। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाएं यहाँ पर्यटकों को गाँव के पारंपरिक पकवान और भोजन परोसते हैं।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि टाटामारी में एडवेंचर्स स्पोर्ट्स की काफी संभावनाएं हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए यहां एडवेंचर्स गतिविधियों के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है। साथ ही पर्यटकों के सुविधाओं की दृष्टि से व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यूव पॉइंट, पाथ वे और वुडन कॉटेज के सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और किड्स प्ले गार्डन में सुविधा बढ़ाई जाएगी। साथ ही नए कॉटेज का भी निर्माण किया जाएगा।

# सुपरफूड से कम नहीं काली गाजर, सर्दियों में खाने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे

सर्दियों में आने वाली काली गाजर को देसी गाजर भी कहा जाता है. यह नुट्रिएंट्स से भरपूर होती है. आइए जानें इसे खाने के फायदे. काली गाजर सर्दियों का सुपरफूड है, जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ-साथ वजन घटाने और त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करता है. इसे डाइट में जरूर शामिल करें

**काली गाजर के पोषक तत्व**

काली गाजर में फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, आयरन और एंथोसायनिन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं. इसके सेवन से न केवल इम्यूनिटी मजबूत होती है बल्कि यह डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बेहतर बनाती है.

**काली गाजर के फायदे**

आंखों की रोशनी बढ़ाए

काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन की भरपूर मात्रा होती है, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाने में मदद करता है. यह रेटिना को हेल्दी बनाए रखता है और रतौंधी जैसी समस्याओं से बचाव करता है.

**इम्यूनिटी को करे मजबूत**

काली गाजर में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं. इसे सर्दियों में खाने से सर्दी-जुकाम जैसी आम समस्याएं दूर रहती हैं.

**पाचन को बनाए बेहतर**

काली गाजर में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है. यह कब्ज, गैस और पेट से जुड़ी अन्य समस्याओं को दूर करने में मददगार है.



**ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल**

काली गाजर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है. यह दिल को स्वस्थ रखने के लिए भी फायदेमंद है.

**वजन घटाने में सहायक**

काली गाजर कम कैलोरी और अधिक फाइबर युक्त होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है. यह वजन घटाने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है.

**स्किन को बनाए ग्लोइंग**

काली गाजर में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैं, जो त्वचा को अंदर से पोषण देते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं. इसके सेवन से त्वचा चमकदार और स्वस्थ रहती है.

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करता है. यह शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करके कैंसर से बचाव करता है.

**डायबिटीज में लाभकारी**

काली गाजर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मदद करता है. डायबिटीज के मरीज इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं.

## साड़ी में कयामत ढाती दिखीं साक्षी मलिक



एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने लेटेस्ट ट्रेंडी फैशन स्टेटमेंट्स के कारण यंग लड़कियों को इंस्पायर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोड इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक की फोटोज इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने व्हाइट कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहना हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। बता दें कि इंडियन हो या फिर वेस्टर्न आउटफिट एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में फैंस के बीच कहर ढाती हैं। उनका हर एक अंदाज लोगों के बीच आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## सर्दियों में ऐसे रखें आंखों का ख्याल, नहीं होगी खुजली-जलन जैसी समस्याएं!

सर्दियों का मौसम आते ही संक्रमण और बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. इस मौसम में सर्दी-खांसी बुखार और वायरल के साथ ही ठंड का असर आंखों पर भी पड़ता है. जिसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए. सर्दी के मौसम में ठंड हवाओं के चलने, धूप कम निकलने से आंखें ड्राई हो सकती हैं, आंखों में खुजली और जलन हो सकती है. इसके साथ ही कई समस्याएं होती हैं. ऐसे में नेत्र स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा कुछ सुझाव दिए गए हैं, जिनकी सहायता से आप अपनी आंखों की देखभाल कर सकते हैं. आइए जानते हैं...त्राटक का अभ्यास करें-सर्दियों में त्राटक का अभ्यास सबसे सरल और सबसे असरदार अभ्यासों में से एक है. इसका अभ्यास करने से ध्यान बढ़ता है और आँखों का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है. त्राटक करने के लिए आपको मोमबत्ती को 2 से 3 फीट की दूरी पर रखना है और लगातार मोमबत्ती की रोशनी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. ऐसा करने से आपकी आंखें हेल्दी रहेंगी. पामिंग-कॉर्पोरेट कंपनी में लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने का वजह से स्क्रीन टाइमिंग बढ़ जाती है. जो किआंखों के लिए काफी खतरनाक माना जाता है. तनाव ग्रस्त आंखों को आराम देने के लिए पामिंग सबसे अच्छी अभ्यासों में से एक है. इसके लिए सबसे पहले आप अपनी हथेलियों को आपस में तेजी से रगड़ें और फिर बिना कोई दबाव डाले उन्हें बंद आंखों पर रखें. ऐसा 1 से 2 मिनट तक करें जिससे आंखों की थकान और ड्राईनेस कम हो जाए. **आंखों पर पानी के छीटें मारें**- सर्दियों में आंखें बंद करके छीटें मारने से आंखों की ड्राईनेस कम होती है साथ ही जलन और खुजली में भी राहत मिलती है. आंखों में पानी से छींटे मारने से कचरा साफ हो जाता है.एक्सपर्ट का मानना हैं कि रोजाना अपनी डाइट में विटामिन ए और फाइबर से भरपूर चीजों जैसे- गाजर, पालक और शकरकंद का सेवन करें साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं.



## शब्द सामर्थ्य -289

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | [illegible] | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# संशोधन पर आपत्ति दर्ज कराने के साथ ओबीसी महासभा ने दिया धरना





**कोरिया/बैकुंठपुर।** ओबीसी महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी को संख्या के बराबर आरक्षण करने की मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय परिसर में रविवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया उसमें उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज संशोधन अध्यादेश 2024 में प्रावधान है कि यदि अजा और अजआ के लिए 50त्न या 50त्न से अधिक स्थान आरक्षित हो या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं किए जाने का उल्लेख है जो पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के साथ न्याय है इसे लेकर ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों और पिछड़े वर्ग के समाज के प्रमुखों ने सरकार के नीति पर अपनी जमकर भड़ास निकाली। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत ओबीसी समुदाय राजनैतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ा है ऐसे में संशोधन को लेकर समाज के लोगों में नाराजगी है ओबीसी महासभा ने सौंपे गए ज्ञापन में छत्तीसगढ़ शासन से अपील किया है कि आरक्षण में बढ़ोतरी नहीं कर सकती है तो पूर्व से प्राप्त जो आरक्षण मिला हुआ है उसे यथावत रखा जाए। कार्यक्रम का सफल संचालन ओबीसी महासभा जिला महामंत्री ईश्वर दयाल राजवाड़े एवं प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग कांग्रेस रवि शंकर राजवाड़े ने किया। जिसमें मुख्य रूप उपस्थित रहे ओबीसी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरगुजा संभाग प्रभारी परशुराम सोनी , प्रदेश सचिवकृष्णा प्रजापति, सुभाष साहू , राजवाड़े समाज सरगुजा; जिला अध्यक्ष बालेश्वर रजवाड़े ,ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश साहू , ओबीसी महासभा जिला उपाध्यक्ष गणेश राजवाड़े, बिहारी लाल राजवाड़े, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, रजवार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता राजवाड़े, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राम नारायण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत ओम प्रकाश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष बैकुंठपुर शंकर सोनी , जिला सचिव आनंद राजवाड़े ,शिव प्रसाद जी रामसुंदर , विजय चक्रधारी, कृष्णा राजवाड़े ,राजाराम जातां , रामधन देवांगन , वरिष्ठ वक्ता कुलदीप प्रजापति ,वरिष्ठ सुखदेव राजवाड़े , छतर पाल राजवाड़े , कृष्ण कुमार राजवाड़े, राजेश राजवाड़े , शिव कुमार यादव, ,चांदनी सोनी , रकीबा बेगम, नीलू राजवाड़े , प्रभावती राजवाड़े ,सरस्वती राजवाड़े ,परशुराम प्रजापति अनूप प्रजापति ,एवं भारी संख्या में ओबीसी समाज के महिला ,पुरुष, युवा लोग उपस्थित रहे।



## स्कूल वैन पर ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई, 22 वाहनों पर 16,000 का जुर्माना

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर आज जिला परिवहन अधिकारी और उनकी टीम ने स्कूल वैन में हो रही ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ा कदम उठाया। परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने जानकारी दी है कि कलेक्टर के निर्देश और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया जिसके तहत 22 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 16,000 का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की गई, जहां ओवरलोडिंग की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। परिवहन अधिकारी ने बताया कि ओवरलोडिंग बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। अधिक सवारियां ले जाने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अनिल भगत ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंड लगाया जाएगा। वाहन संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वे निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को वैन में न बैठाएं। श्री भगत ने अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ओवरलोडिंग वाले वाहनों में सफर न करने दें और ऐसी शिकायत मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास एस जयवर्धन के निर्देशन में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा की गई एवं भविष्य के कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के जनहितैषी कार्यों के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

## देवेंद्र तिवारी निर्वाचित हुए भाजपा के नए जिला अध्यक्ष



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत चल रहे संगठनात्मक चुनाव के तहत प्रदेश भाजपा संगठन ने लगभग छत्तीसगढ़ में आखिरकार बीजेपी संगठन के लगभग सभी जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसको लेकर पिछले दिनों दिल्ली में बैठक आयोजित की गई थी। जहां बंद लिफाफे में हर जिले से तीन दावेदारों के नाम भेजे गए थे। दिल्ली भाजपा हाई कमान की बैठक में मंथन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों का बंद लिफाफे में नाम तय कर दिल्ली से भेज दिए गए थे। जिसके तहत संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्वेक्षक व चुनाव अधिकारी हर जिले में जाकर जिलाध्यक्ष को उनको मिलने वाली नई जिम्मेदारी के बारे में सूचना देकर लिफाफा खोल दायित्व सौंपा । कोरिया जिले की बात करें तो वर्तमान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नाम पर संगठन ने अंतिम मुहर लगा दी ,कोरिया के जिला चुनाव प्रभारी प्रबोध मिंज,भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में लिफाफा खोलकर नए जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नाम की घोषणा किए भाजपा जिला कार्यालय में पूरी प्रक्रिया के तहत यह कार्य किया गया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को चुनाव अधिकारी लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, सहित उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर,मिठाई खिलाकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को बधाई दी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा मैं शीर्ष नेतृत्व समेत सभी संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ।भाजपा में रहकर कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना मेरे लिए गर्व का विषय है,भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां साधारण कार्यकर्ता बूथ से लेकर उच्चतम पद तक पहुंच कर स्थापित हो सकता है,आगे संगठन से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे उस पर पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी और संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** जिला के किसी भी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराया जाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों हेतु राज्य से किया जाना है। वर्ष 2025-26 में विद्यालयों के कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का प्रारंभ करने की तिथि 19 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक।

## कलेक्टर त्रिपाठी ने तहसीलदारों को ऋण वसूली की दी जिम्मेदारी


**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु राष्ट्रीय निगमों के सहयोग से कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाता है। लेकिन, वसूली में कमी के कारण इन योजनाओं में अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

बता दें राज्य विभाजन के बाद से 31 मार्च 2024 तक निगम ने विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण वितरण किया, लेकिन शत-प्रतिशत वसूली न होने के कारण राष्ट्रीय निगमों को ऋण राशि वापसी में कठिनाई हो रही है। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के सभी तहसीलदारों को जिला अंत्यावसायी से सूची लेकर हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसे हितग्राहियों का चिन्हाकन करने को कहा जो ऋण लेने के बाद एक बार भी पैसे जमा नहीं किए हैं या भूल गए हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने किसानों द्वारा धान बिक्री के दौरान प्राप्त भुगतान को ध्यान में रखते हुए, ऋण प्राप्त हितग्राही किसानों से उनकी ऋण राशि की वसूली के लिए सहकारी समितियों और बैंकों के माध्यम से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय पर ऋण राशि का भुगतान कर योजनाओं का लाभ उठाएं और अन्य हितग्राहियों के लिए अवसर सुनिश्चित करें।

निगम ने स्पष्ट किया है कि डिफॉल्टर हितग्राही और उनके जमानतदारों की संपत्ति पर नियमानुसार जब्ती और वसूली की कार्रवाई की जाएगी। संपत्ति की नीलामी और कानूनी प्रक्रिया तेज करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों से सहयोग लिया जाएगा। कोरिया, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश देवांगन ने जानकारी दी है कि बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी बचरा तहसील के अंतर्गत 290 हितग्राहियों को 4 करोड़ 51 लाख 81 हजार 556 रुपए का ऋण वितरण किया गया था, जिसमें से 1 करोड़ 33 लाख 38 हजार 708 रूपए की वसूली की गई है। इन हितग्राहियों से वसूली हेतु जो शेष राशि है, उसमें मूलधन 2 करोड़ 71 लाख 35 हजार 656 रुपए है, ब्याज 80 लाख 25 हजार 592 रुपए, दंड ब्याज 1 करोड़ 1 लाख 1 हजार 454 रुपए है, इस तरह कुल 4 करोड 52 लाख 62 हजार 702 रुपए की वसूली किया जाना शेष है। बता दें अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक 10 लाख 3 हजार 793 रुपए की वसूली हुई है।

जिले के सभी तहसीलों में वसूली अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। ऋण वसूली शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को ऋण अदायगी की प्रक्रिया और इसके महत्व को समझाया जाएगा।

## माड़ीसरई धान खरीदी केन्द्र में सक्रिय हैं दलाल, किसानों को देनी पडती है चढ़ोत्तरी और आधा किलो अतिरिक्त धान



**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत माड़ीसरई धान खरीदी केंद्र में प्रबंधक द्वारा रखे गए दलालों का बोलबाला रहता है, जो किसान बिना दलाल के चंगुल में फंसे सीधे खरीदी केंद्र में अपनी धान बेंचने की कोशिश करता हैं, उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पडता है। माड़ीसरई धान खरीदी केंद्र में अपनी खून पसीने की मेहनत से तैयार धान की उपज को लेकर आने वाले कृषक राम स्वरूप पिता माधव लाल ग्राम सतक्यारी, हीरालाल पिता बदन सिंह ग्राम पूंजी, नेपाल सिंह, पिता राम खुलन ग्राम कर्री, राजू सिंह ग्राम पूंजी ने बताया कि यहाँ के किसान प्रबंधक के द्वारा लगाए गए दलालों से प्रताड़ित हो रहें हैं।

दलालों के द्वारा मांगी गई पैसा नहीं देने पर नाराज होकर टोकन के अनुसार आधा धान ही लिया जाता है। बाकी आधा धान को दुबारा सत्यापन कराने को कहकर वापस कर देते हैं। वहीं किसानों ने बताया कि माड़ीसरई धान खरीदी केंद्र में धान लेकर पहुंचने वाले क्षेत्र के छुटभैया नेताओं, बड़े किसानों एवं व्यापारियों के धान को आंखों में पट्टी बांधकर ले लिया जाता है। हम किसानों द्वारा प्रबंधक के दलालों द्वारा प्रताड़ित किए जाने एवं दलालों द्वारा धान को पास करने एवं आनलाइन इंट्री करने के बदले पैसा की मांग करने की जानकारी सहायक नोडल अधिकारी अपोल खलखो को देने पर वो भी कुछ नहीं करते हैं, क्योंकि वो सुबह से नशे में रहते हैं।

किसानों ने बताया है कि माड़ीसरई धान खरीदी केंद्र में प्रबंधक के दलालों द्वारा जब तक हमसे एक बोरा धान नहीं लेते तब तक धान के बोरी की गिनती और तौल नहीं कराते हैं। और जब तक पांच सौ रुपए से एक हजार रूपया आपरेटर व सर्वेयर को नहीं दिया जाता है, तब तक किसानों की धान कम्प्यूटर में नहीं चढ़ाई जाती व पावती पर्ची भी नहीं दी जाती है। जबकि हम किसानों से 40 किलो 700 ग्राम के स्थान पर 41 किलो 200 ग्राम यानि प्रति बोरी आधा किलो ज्यादा धान लिया जाता है, साथ ही हम किसान स्वयं और अपने मजदूरों से समिति के बोरी में धान की भराई, सिलाई, व पल्लेदारी कर छल्ली लगाते है। किसानों ने दुखी मन से बताया कि हम लोगों से बहुत बड़ी गलती हो गई जो हम अपनी धान लेकर खरीदी केंद्र में बेचने के लिए आ पहुंचे है, इससे तो अच्छा था कि स्थानीय व्यापारियों को धान बेंच देते, जहां न तो पैसा देना पड़ता और न ही पल्लेदारी करनी पड़ती। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रात के समय व्यापारियों की धान समिति में लाई जाती है, जिसे खरीदी केंद्र के दलालों द्वारा सुबह होते ही जमा करा दिया जाता है, जिनका न कोई नम्बर लगता है न ही उन्हें किसी का इंतजार करना पड़ता है। सुबह होते ही उनकी धान को समिति द्वारा बिना रोकटोक के जमा कर आनलाइन दर्ज कर लिया जाता है। वही क्षेत्रीय गरीब व छोटे किसानों को अपनी धान बेचने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है, जिस वजह से क्षेत्रीय किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में बची आरक्षक की जान, एसएसपी ने किया जवान को पुरस्कृत

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जिलेवासियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है और अनिवार्य रूप से बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने हेतु प्रोत्साहित करने के साथ ही ट्रैफिक नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही भी जिले के थाना-चौकी पुलिस के द्वारा की जा रही है। यह अभियान उस वक्त सार्थक साबित हुआ जब सोमवार की सुबह ड्यूटी जाने के दौरान हाईवे पर घटित सड़क दुर्घटना में हेलमेट पहने स्कूटी चालक पुलिस आरक्षक की जान बच गई। एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर जिले की पुलिस लगातार सजगता से वाहन चेकिंग कर रही है वहीं बाईक चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित भी कर रही है साथ ही पुलिस के सभी अधिकारी व जवानों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश है। इसी दौरान सोमवार की सुबह थाना विश्रामपुर में पदस्थ आरक्षक जयजीत टोप्पो सतपता क्वार्टर से स्कूटी से ड्यूटी के लिए थाना विश्रामपुर जा रहा था और हेलमेट पहना हुआ था उसी दौरान एनएच पर थाना के समीप विश्रामपुर से सूरजपुर की ओर जा रहे बुलेट की तेज टक्कर लगने से स्कूटी सवार आरक्षक गिर गया।

## रक्तदाता सेवा समिति ने सुप्रिया रानी केसरी को दी श्रद्धांजलि

**रामानुजगंज।** नगर के रक्तदाता सेवा समिति के द्वारा समिति की महिला सदस्य सुप्रिया रानी केसरी जिसके द्वारा महिलाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं खुद 7 बार रक्तदान किया जिनका विगत दिनों आकस्मिक निधन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समिति के कार्यालय में किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष आनंद गुप्ता, उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता सहित समिति के 50 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

## 28 लाख की हेराफेरी के मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर, विद्यालय प्रबंधन का सहयोग न करना संदिग्ध

**चरचा कालरी।** सरस्वती शिशु मंदिर चरचा कालरी में हुई 28 लाख की हेरा फेरी के संबंध में विद्यालय प्रशासन द्वारा सहयोग न करने से विद्यालय प्रशासन पर सवालिया प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं इस हेरा फेरी का सबसे मुख्य पहलू यह है कि विद्यालय प्रबंधन ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर 2808490/ रुपए की हेरा फेरी की शिकायत का मामला चर्चा थाने पंजीबद्ध कराया किंतु इतनी भारी रकम के गायब होने के संबंध में किसी प्रकार के विस्तृत विवरण या जानकारी नहीं दी जबकि विद्यालय प्रबंधन को जिन तारीखों में हेरा फेरी की गई है उसकी पूर्ण जानकारी चर्चा थाने को दी जानी चाहिए थी चर्चा थाने ने शिकायतकर्ता विद्यालय प्रबंधन द्वारा 9 दिसंबर 2024 को 28 लाख रुपए की हेरा फेरी के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया था इस घटना को बीते अब लगभग एक महीने हो गए हैं इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण विवरण न देना बेहद सोचनीय व संदिग्ध है सूत्रों के अनुसार विद्यालय प्रबंधन द्वारा बार-बार समय की मांग की जा रही है यह कहा जाता है कि हमारे विभाग के शीर्ष लोग आएंगे उनके द्वारा पूर्ण जानकारी दी जाएगी ,यह गौरतलप है कि जब जानकारी नहीं है तो थाने में रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई गई ,विद्यालय प्रबंधन 28 लाख 8490 रुपए की हेरा फेरी की शिकायत करता है इसका मतलब उन्हें अच्छी तरह से मालूम है कि यह राशि कब-कब और किस जगह हेरा फेरी की गई है, इस संबंध में चर्चा पुलिस को भी पूरी जानकारी लेकर रिपोर्ट दर्ज करना चाहिए था,विद्यालय प्रशासन की वर्तमान कार्यशैली से प्रतीत हो रहा है कि विद्यालय प्रशासन लाखों रूपों की हेरा फेरी की इस गंभीर घटना के साक्ष्य को छुपाने की कवायत कर रहा है, या तो फिर मूल अपराधियों को बचाने के प्रयास में है।

सरस्वती शिशु मंदिर के बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष रामसागर द्वारा 28 लाख रूपयो की हेरा फेरी के संबंध में की गई शिकायत पर पुलिस ने विद्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर अभिजीत प्रधान को हिरासत में लेकर थाने में बंद कमरे में बयान लिया गया वह वीडियो भी बनाया गया है जिसमें सूत्र के अनुसार अभिजीत प्रधान के द्वारा कुछ लोगों के नाम भी बताए गए हैं 28 लाख रूपों की हेरा फेरी के मामले में एफआईआर दर्ज होने के एक महीने बात भी आरोपियों तक पहुंचने में चर्चा



पुलिस क्यों पीछे है, क्या दबाव बस सक्षम कार्रवाई नहीं हो पा रही है लाखों की इस हेरा फेरी में सिर्फ एक छोटी मछली को पड़कर अपनी पीठ थपथपाना उचित नहीं है इस प्रकरण के मुख्य और अन्य सहयोगी खुलेआम घूम रहे हैं जिन पर वैधानिक कार्रवाई होनी चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर चर्चा के तत्कालीन प्रबंध द्वारा मनमानी करते हुए आरोपी अभिजीत प्रधान को लिपिक अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर तीनों कार्यों के लिए अधिकृत कर दिया गया था इस हेतु तत्कालीन प्रबंधक के द्वारा लिखित में आदेश जारी किया गया था जिसमें यह उल्लेखित था कि प्राचार्य को विद्यालय के वित्तीय लेनदेन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा इस वजह से अभिजीत प्रधान मनमाने तरीके से हेरा फेरी करने लगा ,7 वर्षों तक एक ही व्यक्ति को तीनों कार्य देना निश्चित ही तत्कालीन शाला प्रबंधन का सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है इसके अतिरिक्त इतनी लंबी अवधि में विद्यालय का ऑडिट रिपोर्ट में किसी भी हेरा फेरी को उल्लेख ना होना भी अपने आप में सवालिया प्रश्न चिन्ह है विद्यालय के तत्कालीन प्रबंधन द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को वित्तीय अनियमितताओं की जांच न करने देना भी दुर्भाग्यपूर्ण और सुनियोजित प्रतीत होता है इस प्रकरण का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि विद्यालय प्रबंधन को 2 वर्ष पूर्व हेरा फेरी की जानकारी थी तब पुलिस में रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई गई ,क्या पुलिस में रिपोर्ट न करने हेतु किसी व्यक्ति विशेष का दबाव था।

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय चर्चा के बाल शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष रामसागर सिंह ने दिनांक 9 दिसंबर 2024 को थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई उनकी शिकायत के अनुसार अभिजीत प्रधान जो पूर्व में उक्त विद्यालय में लिपिक अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान छात्रों से शुल्क वसूल कर लगभग 28 लाख 8490 रुपए की राशि का गबन किया है अभिजीत प्रधान ने छात्रों से शुल्क वसूलते समय छल कपट और धोखाधड़ी करते हुए रसीद बुक का दुरुपयोग किया और विद्यालय को इसकी जानकारी नहीं होने दी यह राशि उसने अन्य लोगों के सहयोग से गबन कर ली है इस मामले में थाना चर्चा द्वारा अपराध क्रमांक 282 / 24 धारा 408, 420, 467, 468, 120 बी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई देखना यह है कि कोरिया जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस गंभीर हेरा फेरी के मामले में संज्ञान लेकर किस तरह की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

# तीसरी बार महापौर पद महिला के लिए आरक्षित, दावेदार मायूस

## अब नए समीकरणों को लेकर उठापटक




**कोरबा।** 10 वर्ष के बाद एक बार फिर नगर निगम कोरबा में महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया है। राजधानी रायपुर में निकायों के प्रमुख पदों के रिजर्वेशन की प्रक्रिया आज लॉटरी के जरिए सुनिश्चित हुई। इसके साथ तय हो गया कि कोरबा नगर निगम में राजनीतिक दलों और अन्य स्तर पर महापौर पद के लिए महिलाएं चुनाव समर में उतर सकेंगे। जबकि इस घोषणा से खासतौर पर प्रमुख राजनीतिक दलों के उन पुरुष कार्यकर्ताओं को मायूस होना पड़ा है जो काफी समय से तैयारी में लगे हुए थे।

छत्तीसगढ़ के बड़े म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में कोरबा की गिनती होती है जिसका बजट 1000 करोड़ से ज्यादा का है और संभावित है कि वित्त वर्ष 2025-26 में इसका आंकड़ा और ऊपर जाएगा। सार्वजनिक उपक्रमों की उपस्थिति और बड़े हिस्से में सरकारी और गैर सरकारी आवासीय परिसरों की स्थापना के अलावा अन्य इकाइयों से म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को वित्तीय सहायता प्राप्त होती है जो उसे इस मामले में मजबूत करती है। केंद्र और प्रदेश की योजनाओं के कारण भी निकायों को सशक्तिकरण का अवसर प्राप्त होता है और निश्चित रूप से कोरबा कॉरपोरेशन को इससे फायदा मिलता है। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को 1999 में भंग करने के बाद कोरबा में नगर पालिका निगम की स्थापना की गई। यहां पर प्रथम महापौर बनने का गौरव भारतीय जनता पार्टी की श्याम कंवर को मिला। भाजपा के शासनकाल में ही कोरबा निगम में महापौर का पद महिला के लिए सामान्य किया गया तब कांग्रेस की रेनू अग्रवाल दूसरी महिला महापौर निर्वाचित हुई। यह दोनों ऐसे मौके थे जब महापौर के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए थे। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अब जब तीसरी बार निगम में महापौर का पद महिला सामान्य के लिए आरक्षित किया गया है तब भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने इन निर्वाचन को प्रत्यक्ष प्रणाली से करना तय किया है। सरकार के द्वारा इस मामले में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के उसे निर्णय को रद्द कर दिया गया जिसमें पिछले वर्ष में निकायों के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए गए थे।

निकाय के महापौर और अध्यक्ष पद के रिजर्वेशन की प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही थी। 7 जनवरी के लिए टाल दिया गया था जो आखिरकार आज संपन्न हो गई। लॉटरी के अंतर्गत जहां नगर निगम कोरबा में महापौर का पद सामान्य महिला के खाते में गया है वहीं जिले की तीन नगर पालिका और दो नगर पंचायत के लिए पदों के आरक्षण की प्रक्रिया जारी है। आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के साथ अब संबंधित स्थान से चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सकरी हो गए हैं। जिन स्थानों पर संभावना के अंतर्गत आरक्षण हुआ है वहां तो कोई बात नहीं लेकिन दूसरी जगह पर अब नए सिरे से कार्यकर्ताओं की तलाश की जा रही है ताकि उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतारा जा सके। लेकिन इन सबके बीच सबसे अधिक मायूसी उन कार्यकर्ताओं को हुई है जो अपने हिसाब से आकलन करते हुए चुनाव लड़ने की मानसिकता बन चुके थे और कुछ स्तर पर टिकट का जुगाड़ करने के लिए एक्टिव हो गए थे।



### रितु और आरती पर भाजपा खेल सकती है दांव

निगम में मेयर पद महिला सामान्य के लिए आरक्षित होने के साथ नए समीकरण बन रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि अलग-अलग आधार पर प्रत्याशी चयन को लेकर संगठन काम कर सकता है। ऐसा होने पर भाजपा मौजूदा पार्षद रितु चौरसिया या आरती अग्रवाल पर दांव खेल सकती है। कहा जा रहा है कि दोनों ही उच्च शिक्षित हैं। संगठन और लोगों में प्रभावी पकड़ है। मुद्दों की अच्छी समझ उन्हें अलग पहचान देती है।

## मंडल और बिजली कर्मचारी संघ के बीच वार्ता कल

**कोरबा।** विद्युत मंडल में मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी संघ द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इकाइयों में प्रदर्शन करने के बाद अब मुख्यालय में आंदोलन करने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन मंडल ने बिजली कर्मचारी संघ को कल रायपुर वार्ता के लिए बुलाया है। इस बैठक में वरिष्ठ नेता आरएस जायसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ शामिल होंगे। इनका कहना है कि विद्युत मंडल में काफी दिनों से आंदोलन चल रहा है। मुख्यालय में भी एक बार प्रदर्शन हुआ था। लंबित मांगों पर निर्णय नहीं लेने के कारण दोबारा आंदोलन की तैयारी की जा रही थी। अब देखना यह है कि कल कितनी मांगे पूरी हो पाती है।

## युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद को लेकर सुगबुगाहट

**कोरबा।** भाजपा के जिलाध्यक्ष के पद पर मनोज शर्मा की नियुक्ति के बाद अब युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद को लेकर जहां सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व युवा मोर्चा में भी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके बाद ही जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति होगी। युवा मोर्चा में कार्यकर्ता अभी से ही कयास लगा रहे हैं कि इस बार कौन युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष हो सकता है। अभी तक सुभाष राठौर, अनूप यादव, वैभव शर्मा, दीक्षित देवांगन, दिनेश तिवारी, धनंजय चौहान, विवेक मारकंडे, दिव्यांग अग्रिहोत्री, रामअवतार पटेल के नाम सामने आ रहे हैं। लेकिन जिलाध्यक्ष के पद के चयन में काफी लंबा समय है और भी कई नाम सामने आएंगे। युवा मोर्चा में मंडल के महामंत्री भी अब जिला कार्यकारिणी में आने पर विचार कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं में अभी से ही नामों पर चर्चा होनी लगी है।

*कोरबा। मुड़ापार वार्ड क्रमांक 29 में शिव महापुराण कथा का आयोजन महिला मंडल ने किया है। कथा के दूसरे दिन भगवान शिव से संबंधित कई प्रसंगों पर पं. दशरथनंदन द्विवेदी ने विस्तार से रोशनी डाली। आयोजन सात दिन तक चलेगा।

## बूढ़ापारा में गोली चली, एक जख्मी

**कोरबा।** पसान थाना के कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ापारा में पिछली शाम गोली चल गई। इस घटना में एक युवक को रीढ़ की हड्डी में चोटें आई। उसे कटघोरा के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

कोरबी पुलिस ने इस घटनाक्रम को लेकर अपराध दर्ज किया है। मामले में हमलावर को अज्ञात बताया गया है और उसके बारे में पतासाजी शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक कोरबी के बूढ़ापारा क्षेत्र में रहने वाले कृष्णा पांडेय हैंगोली की पीठ पर गोली लगी और रीढ़ की हड्डी में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। युवक पर गोली किसने और क्यों चलाई, इस बात का का पता नहीं चल सका है। पीड़ित को कटघोरा में भर्ती कराया गया है। जनवरी के पहले हफ्ते में लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस का टेंशन बढ़ गया है। आपराधिक घटनाओं के उन्नमूलन को लेकर सरकार के प्रतिबद्धता के बीच हो रही वारदातों से कोरबा जिले के पुलिस के कुछ अधिकारियों की छुट्टी होना सुनिश्चित मानी जा रही है।

# रिस्दा क्षेत्र में एक घर के सामने मिली सराफा कारोबारी गोपाल सोनी की कार

### पुलिस ने प्रकरण में जांच तेज की

**कोरबा।** अमृता ज्वेलर्स के संचालक और आदर्श विहार निवासी सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की कार रिस्दा क्षेत्र में मिली है। आरोपियों ने सोनी की हत्या करने के बाद उसकी क्रेटा कार लूट ली थी और फरार हो गए थे। घटना के तीसरे दिन कार को बालको क्षेत्र में लोगों ने देखा और इस बारे में पुलिस को जानकारी दी।

रिस्दा क्षेत्र में रहने वाली आशा देवांगन के घर के सामने इस कार को देखा गया। वह खुद हैरान थी कि कल से यह कार यहां खड़ी है। आखिर किसने इसे खड़ा किया है और यह है किसकी। यहां-वहां से होते हुए खबर जब आसपास में पहुंची तो लोगों को यह समझते देर नहीं लगी कि मामला संदिग्ध हो सकता है। उन्होंने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और संज्ञान लिया। कार संख्या जेएस-01सीसी-4455 इस इलाके में मिली। जैसे ही आगे की जांच शुरू हुई और यह स्पष्ट हुआ कि चाकूबाजी की घटना में दिवंगत हुए सराफा कारोबारी की यह कार है तो आसपास में हड़कंप मच गई। सूचना पर पुलिस की टीम यहां पहुंची। बताया गय कि संबंधित क्षेत्र को सील किया गया है। कई एंगल से कड़ियां जोड़ने की कोशिश पुलिस कर रही है। बालकोनगर क्षेत्र में कार के मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी यहां तक पहुंचे होंगे और मामले को मोड़ देने के लिए यहां से भाग गए होंगे। जांच में इस पहलू को भी शामिल करने की अटकलें हैं कि क्या आरोपियों का वास्ता इस इलाके से हो सकता है।



*रिस्दा में लोगों की भीड़ और इनसेट में क्रेटा कार।*

# पेट दर्द से पीड़ित महिला को सोनोग्राफी की सलाह, अगले महीने बुलाया



**कोरबा।** राज्य सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए भारत सरकार ने कोरबा में मेडिकल कॉलेज हास्पिटल की सुविधा दी है, जिसने काम करना शुरू कर दिया। बीते वर्षों में अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं और सेटअप के तहत स्टाफ भी दे दिया गया है। इन सबके बावजूद मरीजों की शिकायतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नया मामला निहारिका क्षेत्र से जुड़ा हुआ है जहां पेट दर्द से पीड़ित एक महिला उपचार के लिए पहुंची तो उसे दवाएं लिखी और सोनोग्राफी कराने के लिए कहा गया। असलीयत तब सामने आई जब महिला से कहा गया कि वह फरवरी में आकर सोनोग्राफी कराए।

उपचार व्यवस्था पर लगातार उठ रहे सवाल पर अब यह मामला भी शामिल हो गया है। खबर के मुताबिक कोरबा के निहारिका क्षेत्र निवासी मनोज उमर की 29 वर्षीय पत्नी अंकिता को पेट दर्द की समस्या है। कई स्तर पर उपचार के बाद उसे राहत नहीं है। उसने मेडिकल कॉलेज का नाम सुन रखा है इसलिए वह आज सुबह यहां पहुंची। उसने गायनिक विभाग के डॉक्टर के समक्ष परीक्षण कराया और अपनी समस्या बताई। जिस पर महिला को डॉक्टर के द्वारा विभिन्न दर्द के मामले में दवा की पर्ची थमा दी गई। इसके साथ ही बताया गया कि आंतरिक समस्या भी हो सकती है इसलिए उसे सोनोग्राफी करानी होगी। पीड़िता ने इसे स्वीकार किया। लेकिन महिला तब चौक गई जब उसे बताया गया कि सोनोग्राफी के लिए फरवरी के प्रथम सप्ताह में यहां आना होगा अर्थात लगभग एक महीने का इंतजार करना होगा। ऐसे में पीड़िता की दिक्कत बढ़ गई। उसने पूछा कि समस्या का समाधान न होने पर क्या इतना इंतजार संभव होगा, जिस पर कोई जवाब नहीं मिला। अंकिता ने बताया कि उसे सोनोग्राफी के लिए 6 फरवरी की तिथि दी गई है। उसका कहना है कि जब आम लोगों को चिकित्सा सुविधा देने के लिए मेडिकल कॉलेज में संसाधन मुहैया कराए गए हैं और स्टाफ उपलब्ध कराया गया है तो फिर पीड़ितों को इनका लाभ प्राप्त करने के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों। कहा गया कि इन्हीं सबके चक्कर में मरीजों को निजी अस्पतालों में पहुंचकर अपनी जेब खाली कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है। एक तरफ सरकार और सरकार का तंत्र दावे कर रहा है कि कोरबा सहित प्रदेश में स्वास्थ्य के मामले में बेहतरीन अधोसंरचना उपलब्ध है तो फिर इस तरह के उदाहरण सामने क्यों आ रहे हैं।

# अग्निकांड की आंच के बीच हत्या, बढ़ते अपराधों ने बढ़ाई चिंता

**कोरबा।** अंग्रेजी नव वर्ष का पहला दिन कोरबा के लोग वर्षों वर्ष याद रखेंगे, क्योंकि इसी दिन शहर का एक हिस्सा जल उठा था। अपराधिक प्रवृत्ति वाले युवकों ने एक दुर्घटना के बाद कई ट्रैकों को आग के हवाले कर दिया था। आने जाने वालों के साथ बर्बर व्यवहार किया गया।

अपेक्षाकृत शांत माने जाने वाले कोरबा शहर का एक हिस्सा पहली जनवरी को धधक उठा था। एक दुर्घटना के बाद असामाजिक तत्व सड़क पर आ गए उन्होंने राताखार के समीप खड़ी ट्रैकों को आग के हवाले कर दिया ।जो भी मिला उसे बेदर्दी से पीटा गया। असामाजिक तत्व जब अपना पसंदीदा खेल खेल रहे थे तब वहां पुलिस के जवान भी पहुंच गए थे लेकिन वह लोगों को पीटने से बचाने की बजाय खुद को बचाने में लगे थे। जिस समय असामाजिक तत्वों का यह खेल चल रहा था उस समय जिस जिस व्यक्ति ने इस रास्ते से निकलने की कोशिश की उसे लात घुसों का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने चुपके से जो वीडियो तैयार किया था जब वह खबरिया चैनलों से होता हुआ आम हुआ तब जाकर इस वीडियो के सहारे कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई इस घटना का घाव नासूर बनकर अभी रिस ही रहा था तभी शहर के मध्य फिर एक घटना घट गई। जिन लोगों ने गोपाल राय सोनी की हत्या की है वह पकड़े जाएंगे या नहीं । पकड़े जाएंगे भी तो कब ,इसका उत्तर कोई नहीं दे सकता।

हां यह जरूर कहा जा रहा है कि यदि ऐसे ही अपराध होते रहेंगे तो कोरबा में शांत प्रिय लोगों का रहना मुश्किल हो जाएगा।

## क्या औचित्य ऐसे कैमरों का



युवा कारोबारी इस बात पर सवाल उठाया है कि गोपाल राय सोनी की हत्या को लेकर कोरबा शहर में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का औचित्य समझ से बाहर है । इस प्रकार के दावे किए जा रहे हैं कि कोरबा शहर के चप्पे छपे पर हाई फ्रीक्वेंसी वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और इनके माध्यम से आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।। इन सब के बीच आदर्श विहार क्षेत्र में सर्राफ कारोबारी गोपाल राय सोनी की हत्या कर आरोपी भाग खड़े हुए। आरोपियों के द्वारा एक कर और काफी मात्रा में सामान भी पार कर दिया गया। आखिर ऐसी कैसी व्यवस्था है कि अब तक आरोपियों से संबंधित कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

# सुभाष ब्लाक में बनेगा सामुदायिक भवन

**कोरबा।** गुरू घासीदास जयंती समारोह स्थल पर भवन नहीं होने के कारण नागरिकों को परेशानी होती है। पिछले दिनों जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन उपस्थित थे। उन्होंने सामुदायिक भवन व मंच बनाने की घोषणा की है, जिसका दूजराम मिलन, डाहरूराम, दुर्गा शंकर, अजय निराला ने स्वागत किया है। इसी तरह मानिकपुर में भी कार्यक्रम स्थल पर मंगलम भवन का निर्माण किया जाएगा। जो भवन पूर्व में बना हुआ है वह काफी पुराना हो चुका है। इसलिए नया भवन बनाए जाने की दरकार है। मंगलम भवन बनाए जाने की घोषणा होने पर नारायण कुर्रे, फूलचंद सोनवानी, सरजू अजय, महेन्द्र निराला, छतराम मिरी, उत्तम खूंटे, भूषण नारंगे, राजेश लहरे ने स्वागत किया है।

# एसकेएमएस का गेट मीटिंग आज से शुरू

**कोरबा।** एसकेएमएस के द्वारा 50 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन प्रबंधन को सौंपा गया था। प्रबंधन द्वारा वार्ता पर नहीं बुलाए जाने पर आज से एसकेएमएस ने गेट मिटिंग शुरू कर दिया है। प्रतिदिन इकाइयों में कोयला कामगार नारेबाजी करेंगे। एसकेएमएस की एरिया की बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपे एक माह से अधिक हो गया है। इकाइयों में अभी भी समस्याएं बनी हुई है। 22 जनवरी को एरिया में प्रदर्शन किया जाएगा। कल की बैठक में मनीष सिंह, सुभाष सिंह, धर्माराव, कृष्णा तिवारी, सुरेश श्रीवास, अशोक परिहार, जय मुखर्जी, कृष्णकांत, विनोद कुमार, प्रमोदधर दीवान उज्ज्वल बेनर्जी, राजू श्रीवास्तव, राजेश पांडेय, एनके साव सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ट्रैफिक रूल्स क्यों जरूरी, जाना सेजेस छात्रों ने



**कोरबा।** यातायात नियमों से संबंधित जानकारी सर्व सामान्य को देने के लिए रहा है। इसी कड़ी में कोरबा के स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय( सेजेस) में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कैंप लगाकर विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में ट्रैफिक पुलिस की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने जानकारी हासिल की। विद्यालय के शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। ट्रैफिक पुलिस के असिस्टेंट इंस्पेक्टर मनोज राठौर अपने स्टाफ के साथ पहुंचकर यहां विद्यार्थियों का समुचित मार्गदर्शन किया। ट्रैफिक से संबंधित जानकारी देने के साथ विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क पर चलने के नियम क्या होते हैं। वाहनों को चलाने के लिए लाइसेंस के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी रखनी जरूरी की गई है। इसके अभाव में कार्रवाई का प्रावधान भी है। विद्यार्थियों को बताया गया कि कुल मिलाकर लोगों की सुरक्षा के लिए ही ट्रैफिक रूल्स बनाए गए हैं और हर हाल में इनका परिपालन करने को अनिवार्य किया गया है ताकि किसी भी पक्ष को नुकसान न होने पाए। स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि सड़क पर पैदल चलने के दौरान हमेशा बाई साइड का उपयोग किया जाए। सड़क क्रॉस करने के लिए जेब्रा पत्ती को जरूर ध्यान में रखें। ट्रैफिक सिग्नल पॉइंट्स में उपयोग में आने वाली लाइट के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। बताया गया कि पूरे जनवरी महीने ट्रैफिक जागरूकता को लेकर जिले में काम किया जाना है। इसके माध्यम से सभी का ज्ञानवर्धन किया जाएगा।

## प्रतिष्ठा द्वादशी पर कई जगह होंगे आयोजन

**कोरबा।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पौष द्वादशी को पूरे हो रहे हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी पर कोरबा नगर और उपनगरीय क्षेत्र में कई आयोजन किए जाएंगे। इससे पहले विभिन्न क्षेत्रों में प्रभातफेरी का सिलसिला लोगों के द्वारा शुरू किया गया है।

आवश्यकता है
फार्च्यूनर गाड़ी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है।
-:संपर्क करें :-
मो.-8889100009
8889200009










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com